हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 | www.prakharpurvanchal.com | Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 198, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 | 17 जनवरी, 2024 दिन बुधवार | गाजीपुर/वाराणसी

## लेपाक्षी में वीरभद्र मंदिर में पीएम ने की पूजा-अर्चना

### भक्ति में लीन होकर प्रधानमंत्री मोदी ने गुनगुनाया 'श्री राम जय राम' भजन

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिनों के दक्षिण भारत के दौरे पर हैं। मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आंध्र प्रदेश के लेपाक्षी के वीरभद्र मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने पूजा-अर्चना की और बैठकर 'श्रीराम जय राम' भजन भी सुना और गाया। पीएम मोदी का यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। 1:36 के वीडियो में पीएम मोदी पूरी तरह से भक्ति में लीन दिख रहे हैं। प्रधानमंत्री वीरभद्र मंदिर ऐसे समय में पहुंचे हैं जब 6 दिन बाद ही अयोध्या के रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। इससे पहले



पीएम मोदी 11 दिनों का विशेष अनुष्ठान कर रहे हैं। उनकी यह लेपाक्षी की यात्रा नासिक में श्री कला राम मंदिर के दौरे के बाद हो रही है। कुछ दिन पहले पीएम मोदी नासिक में गोदावरी नदी के तट पर स्थित पंचवटी पहुंचे थे। उन्होंने काला राम मंदिर में पूजा-अर्चना की और मराठी में रामायण से भगवान राम के अयोध्या आगमन से जुड़े श्लोक सुने। वीरभद्र मंदिर दर्शन के साथ ही पीएम मोदी का आंध्र प्रदेश दौरा शुरू हुआ है। बता दें कि वीरभद्र मंदिर वही मंदिर है जहां जटायु प्रभु राम से मिले थे जब रावण ने उन्हें घायल कर दिया था। प्रभु राम से मिलने के बाद मरते वक्त जटायु ने भगवान राम को यह बताया था कि माता सीता को रावण दक्षिण की ओर लेकर गया है। इसके बाद भगवान राम ने उन्हें मोक्ष दिया था।

## ज्ञानवापी केस : हिंदू पक्ष को राहत, सुप्रीम कोर्ट ने दी 'शिवलिंग' वाली जगह की साफ-सफाई करने की इजाजत

नई दिल्ली। ज्ञानवापी केस में सुप्रीम कोर्ट से हिंदू पक्ष को राहत मिली है। अदालत ने हिंदू पक्ष की ओर से दायर एक याचिका को स्वीकार कर लिया है। याचिका में मस्जिद के वजूखाना के पूरे क्षेत्र की सफाई करने और स्वच्छता की स्थिति बनाए रखने के निर्देश देने की मांग की गई थी। अदालत ने हिंदू पक्ष को वजूखाने की सफाई की अनुमति दे दी है। अदालत ने कहा कि सफाई कार्य जिलाधिकारी की देखरेख में होना चाहिए। दरअसल, हिंदू पक्ष ने वजूखाने को खोलकर वहां सफाई की मांग की थी। इस मांग का मस्जिद पक्ष ने भी विरोध नहीं किया। वजूखाने में शिवलिंग जैसी रचना मिलने पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश से जगह सील की गई थी। बता दें कि वजूखाने में ही शिवलिंग मिलने का दावा किया जाता है। इससे पहले, अदालत ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को सर्वे की रिपोर्ट फिलहाल सार्वजनिक ना करने के आदेश दिए थे। कोर्ट का आदेश है कि 24 जनवरी तक न तो सार्वजनिक की जाएगी और न ही मंदिर या मस्जिद पक्ष को दी जाएगी। जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश ने शनिवार को यह आदेश दिया था।

## करणी सेना के कार्यकर्ता की गोली मारकर हत्या, मुख्य आरोपी गिरफ्तार; दो फरार

बदायूं। उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले में सनसनीखेज वारदात हुई है। दातागंज कोतवाली क्षेत्र में सोमवार रात गांव सादुल्लागंज निवासी सुधीर कुमार सिंह (40) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। सुधीर सिंह करणी सेना से जुड़े हुए थे। उनके चचेरे भाई करणी सेना के पदाधिकारी हैं। वारदात से गांव में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। सुधीर कुमार सिंह के भाई राजीव ने बताया कि सोमवार रात पड़ोसी नन्हे नाम के व्यक्ति ने उनके भाई सुधीर को गोली मार दी, जो उनके पेट में जा लगी। गंभीर घायल सुधीर को तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने राजीव की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने मुख्य आरोपी नन्हे को गिरफ्तार कर लिया गया है। एसएसपी आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश चल रही है। शुरूआती जांच में पता चला है कि दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसी दौरान नन्हे ने सुधीर को गोली मार दी। अधिक खून बहने से उनकी मौत हो गई।

## '22 जनवरी को राम मंदिर में समारोह नरेंद्र मोदी का कार्यक्रम', राहुल का बड़ा आरोप

नई दिल्ली। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का आज तीसरा दिन है। मंगलवार की सुबह यात्रा नगालैंड की राजधानी कोहिमा के विसवेमा इलाके से शुरू हुई। राहुल गांधी सोमवार की शाम नगालैंड पहुंचे थे। सुबह राहुल गांधी ने स्थानीय लोगों से मुलाकात की और मुलाकात के बाद कोहिमा से अपनी यात्रा आगे बढ़ाई। कोहिमा से यात्रा शुरू होने से पहले मीडिया से बातचीत में कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने केंद्र सरकार को घेरते हुए कहा कि 'यह नेशनल हाइवे 29 है और आप इसकी हालत देख सकते हैं। प्रधानमंत्री और नितिन गडकरी बहुत कुछ बोलते हैं, लेकिन इस सड़क में सिर्फ गड्ढे हैं और यह नेशनल हाइवे है। नगालैंड में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी जगह-जगह स्थानीय लोगों से मिल रहे हैं। लोगों में भी राहुल गांधी से मिलने और उन्हें देखने का उत्साह है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी मंगलवार को नगालैंड की राजधानी कोहिमा में स्थित युद्ध स्मारक पहुंचे। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जापानी सेना को खदेड़ने वाले सहयोगी देशों के सैनिकों की याद में यह स्मारक बना है। यहां कई सैनिकों का अंतिम संस्कार हुआ था। कोहिमा में राहुल गांधी ने लोगों के जनसमूह को संबोधित भी किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि 'अगर



आप एक छोटे राज्य से हैं तो भी आपके पास देश के अन्य राज्यों जितने ही अधिकार हैं। भारत जोड़ो न्याय यात्रा का विचार यही है।' राहुल गांधी ने एक अन्य कार्यक्रम में कहा 'बीते साल हमने भारत जोड़ो यात्रा कन्याकुमारी से कश्मीर तक की थी और देश के लोगों, विभिन्न संस्कृतियों, विभिन्न धर्मों और अलग-अलग भाषाई लोगों को साथ लाने की कोशिश की थी। तभी हमें पूर्व से पश्चिम की यात्रा करने का भी विचार आया था। राहुल गांधी ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर कहा 'आरएसएस और भाजपा ने 22 जनवरी के कार्यक्रम को पूरी तरह से राजनीतिक नरेंद्र मोदी कार्यक्रम बना दिया है। यह आरएसएस और भाजपा का कार्यक्रम है और मुझे लगता है कि इसी वजह से कांग्रेस अध्यक्ष इस कार्यक्रम में नहीं जा रहे हैं। हम सभी धर्मों का सम्मान करते हैं। यहां तक की हिंदू धर्म के सबसे बड़े गुरुओं ने भी अपने विचार सार्वजनिक किए हैं और कहा है कि 22 जनवरी का कार्यक्रम राजनीतिक कार्यक्रम है। ऐसे में हमारा ऐसे कार्यक्रम में जाना मुश्किल है, जिसे प्रधानमंत्री और आरएसएस के इर्द-गिर्द बनाया गया है।' भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने मंगलवार को नगालैंड की राजधानी कोहिमा में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में राहुल गांधी ने कहा, 'वह चाहते थे कि वह पैदल ही यह पूरी यात्रा करें, लेकिन तब यह बहुत लंबी होती और इतना समय भी नहीं था। इसलिए हम हाइब्रिड यात्रा कर रहे हैं।' राहुल गांधी ने इंडो-नागा राजनीतिक विवाद पर कहा 'मैंने कई नगा नेताओं से इस मुद्दे पर बात की है और उनका कहना है कि वह भी हैरान हैं कि बात आगे क्यों नहीं बढ़ी। हमें ये भी नहीं पता कि पीएम मोदी इसका हल निकालने के लिए क्या कर रहे हैं।

## अब राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर टिप्पणी नहीं होनी चाहिए विपक्षी दलों के बयान पर अनुराग ठाकुर ने कसा तंज


नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को कहा कि विपक्षी दलों को अयोध्या में राम मंदिर के प्रतिष्ठा समारोह पर टिप्पणी करना बंद करना चाहिए, क्योंकि संरचना 500 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद



बनाई गई है। अनुराग ठाकुर ने 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर के अभिषेक समारोह से पहले भारतीय जनता पार्टी द्वारा शुरू किए गए एक अभियान के तहत मंगलवार को कनॉट प्लेस में हनुमान मंदिर परिसर की सफाई में भाग लिया। मीडिया ने विपक्षी दलों ने इस आरोप लगाया है कि भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को एक राजनीतिक कार्यक्रम में बदल दिया है, तो इसके जवाब में अनुराग ठाकुर ने संवाददाताओं से कहा कि कुछ लोग अभी भी मंदिर के निर्माण से खुश नहीं हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा, "कुछ लोग हैं, जो मंदिर के निर्माण से दुखी हैं, कुछ ऐसे हैं जो प्राण प्रतिष्ठा समारोह से दुखी हैं और फिर कुछ ऐसे हैं, जिन्हें अपनी राजनीति के लिए इस पर बयान देना पड़ता है।" "मैं बस इतना कहना चाहता हूं कि उन्हें इस पर टिप्पणी करना और बयान देना बंद कर देना चाहिए। अयोध्या में राम मंदिर 500 साल के इंतजार के बाद बना है और आने वाले दिनों में देश और दुनिया भर से करोड़ों लोग इसे देखने आएंगे।"

**23 जनवरी से सभी भक्तों के लिए खुल जाएगा राम मंदिर**– ठाकुर ने कहा कि 22 जनवरी को भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद, राम मंदिर के दरवाजे भक्तों के लिए खोल दिए जाएंगे और उनके दर्शन की व्यवस्था की जाएगी। मालूम हो कि आज (16 जनवरी) से राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम शुरू हो चुका है। 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्राण प्रतिष्ठा करेंगे और फिर 23 जनवरी से मंदिर सभी भक्तों के लिए खोल दिया जाएगा।


## अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के लिए अनुष्ठान शुरू, काशी के पंडितों ने सरयू में स्नान कर शुरू की पूजा



अयोध्या। अयोध्या में भगवान श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए अनुष्ठान प्रारंभ हो गया है। अनुष्ठान का आयोजन नगर के विवेक सृष्टि आश्रम में किया जा रहा है। इसके लिए सरयू में स्नान के बाद काशी के विद्वान पूजन सामग्री के साथ अनुष्टान स्थल पर पहुंचे और पूजा विधि शुरू कर दी। कार्यक्रम के मुख्य यजमान डॉ. अनिल मिश्रा और प्रतिमा बनाने वाले अरुण योगीराज भी वहां मौजूद हैं। आज प्रायश्चित और कर्म कुटी पूजन किया जाएगा। अनुष्ठान का कार्यक्रम 21 जनवरी तक चलेगा। रामलला की प्रतिमा 18 जनवरी को गर्भगृह में निर्धारित आसन पर स्थापित कर दी जाएगी। पिछले 70 वर्षों से पूजित वर्तमान प्रतिमा को भी नए मंदिर के गर्भगृह में ही रखा जाएगा। जन्मभूमि मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने सोमवार को प्राण प्रतिष्ठा समारोह का पूरा ब्योरा सार्वजनिक किया था। उन्होंने कहा था कि 2 जनवरी को न्यूनतम विधियों की जरूरत होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में दिन के 12:20 बजे प्राण प्रतिष्ठा का मुख्य अनुष्ठान आरंभ होगा। यह पूजा करीब 40 मिनट तक चलेगी। इसके बाद करीब 75 मिनट पीएम मोदी, सीएम योगी, संघ प्रमुख मोहन भागवत संदेश देंगे। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास आशीर्वाद देंगे।

## कोरोना से होने वाली मौतों ने बढ़ाई चिंता; देश में एक दिन में तीन की मौत, 180 नए संक्रमित भी मिले

नई दिल्ली। कोरोना महामारी एक बार फिर तेजी से पैर पसार रहा है। हर दिन नए मामले सामने आ रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि भारत में सिर्फ एक दिन में कोविड-19 के 180 नए मामले सामने आए हैं। इससे संक्रमण के सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 2,804 हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सुबह आठ बजे अद्यतन आंकड़ें जारी किए गए। पिछले 24 घंटे में महाराष्ट्र में संक्रमण से तीन लोगों की मौत हुई। पांच दिसंबर तक मामलों में कमी दर्ज की गई थी। लेकिन ठंड का मौसम आते ही मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। कोविड-19 का एक नया वेरिएंट सामने आने से भी स्वास्थ्य महकमे की चिंता बढ़ गई है। हालांकि, फिलहाल इस वेरिएंट के नए मामले सामने नहीं आ रहे हैं। 2020 की शुरूआत में महामारी अपने चरम पर थी, तब हर दिन आने वाले मरीजों की संख्या



लाखों में थी। तब से देश भर में लगभग चार वर्षों में 4.5 करोड़ से अधिक लोग संक्रमित हुए हैं। वहीं, 5.3 लाख से अधिक मौतें हो चुकी हैं। आधिकारिक सूत्रों का कहना है कि पिछले साल 31 दिसंबर को 841 नए मामलों की एक दिन में वृद्धि दर्ज की गई, जो मई 2021 में रिपोर्ट किए गए चरम मामलों का 0.2 प्रतिशत है। कुल सक्रिय मामलों में से, इनमें से अधिकांश (लगभग 92 प्रतिशत) होम आइसोलेशन के तहत ठीक हो रहे हैं। मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार, बीमारी से उबरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 4.4 करोड़ से अधिक हो गई है। मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.81 प्रतिशत है। देश में अब तक कोविड टीकों की 220.67 करोड़ खुराक दी जा चुकी हैं।

## अमेरिकी चुनाव में बाइडन और ट्रंप को कड़ी टक्कर देगी भारतीय मूल की निक्की हेली, समर्थकों को दिया संदेश

वाशिगंटन। इस साल नवंबर में अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव होने हैं। इसी कड़ी में भारतीय मूल की निक्की हेली एकमात्र रिपब्लिकन उम्मीदवार हैं जो अग्रणी डोनाल्ड ट्रंप और मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन को टक्कर दे सकती हैं। सोमवार को आयोजित की गई आयोवा कॉकस में ट्रंप ने जीत हासिल कर ली है। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने 50 प्रतिशत से अधिक वोटों के साथ कॉकस जीता, जबकि फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस 21 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रहे। वहीं, संयुक्त राष्ट्र में पूर्व अमेरिकी राजदूत हेली लगभग 20 प्रतिशत वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। बात करें भारतीय-अमेरिकी विवेक रामास्वामी को उन्हें कुल मतदान का 7.7 प्रतिशत वोट ही मिले जिसके कारण उनका राष्ट्रपति अभियान लंबित कर दिया गया। दक्षिण कैरोलिना की दो बार की गवर्नर ने कहा कि उनका राष्ट्रपति चुनाव अभियान में ट्रंप और मौजूदा राष्ट्रपति बाइडन के बीच दोबारा मुकाबले को रोकने की सबसे अच्छी उम्मीद है। 51 वर्षीय निक्की ने सोमवार देर रात वेस्ट डेस मोइनेस, आयोवा में अपने उत्साही समर्थकों से कहा, 'हमारा अभियान ट्रम्प-बाइडन को रोकने की आखिरी सबसे अच्छी उम्मीद है।' अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सभी सबूत कहते हैं कि यह एक और टॉसअप चुनाव होगा। कुछ भी हो सकता था। चुनाव में हस्तक्षेप को लेकर हमारे बीच और भी विवाद हो सकते हैं।' ट्रंप और बाइडन की उम्र पर निशाना साधते हुए हेली ने कहा कि ट्रंप 77 वर्ष के हैं और बिडेन 81 वर्ष के हैं। बहुमत उन दोनों को अस्वीकार करता है। ट्रंप और बाइडन दोनों ने हमारे देश को कर्ज में डुबो दिया है और हमारे बच्चे उन्हें इसके लिए कभी माफ नहीं करेंगे। दोनों के पास हमारे देश के भविष्य के लिए कोई दृष्टिकोण नहीं है क्योंकि दोनों ही अतीत में डूबे हुए हैं।' हेली ने कहा, 'हम नए रूढ़िवादी नेतृत्व के तहत एक नई दिशा के हकदार हैं। हम एक ऐसे राष्ट्रपति के लायक हैं जो हमारे लोगों की जरूरतों पर ध्यान केंद्रित करेगा, न कि खुद पर।'

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद में सर्वे पर लगी रोक, सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद के संबंध में एक बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने मस्जिद का सर्वेक्षण करने के लिए आयुक्त (कोर्ट कमिश्नर) नियुक्त करने के इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी है। हालांकि, कोर्ट ने कहा है कि अदालत मामले की सुनवाई जारी रखे। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने शाही ईदगाह मस्जिद कमेटी की तरफ से दायर की गई एक विशेष अनुमति याचिका पर सुनवाई करते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट के 14 दिसंबर के आदेश पर रोक लगा दी। गौरतलब है कि अपने आदेश में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक एडवोकेट कमिश्नर (कोर्ट कमिश्नर) नियुक्त करने का आदेश दिया था। इस एडवोकेट कमिश्नर को मस्जिद परिसर का सर्वे करना था। मस्जिद कमेटी की तरफ से वकील तसनीम अहमदी सुप्रीम कोर्ट में पेश हुईं। वकील ने तर्क दिया कि जब पूजा स्थल अधिनियम, 1991 के तहत मथुरा मामले को खारिज करने की याचिका अभी तक लंबित है, ऐसे में हाईकोर्ट सर्वे का आदेश नहीं दे सकता। इस पर सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने तर्क को सही माना और हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाने का अंतरिम आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने हिंदू पक्ष को नोटिस जारी कर जवाब भी मांगा है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि इस मामले पर हाईकोर्ट में सुनवाई जारी रहेगी। हिंदू



पक्ष ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दायर कर शाही ईदगाह मस्जिद के सर्वे के लिए कोर्ट कमिश्नर नियुक्त करने की मांग की थी। इस याचिका पर 14 दिसंबर को सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने शाही ईदगाह मस्जिद परिसर के सर्वेक्षण के लिए कोर्ट कमिश्नर नियुक्त करने का आदेश दिया था। हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने बताया था कि याचिका में दावा किया गया था कि भगवान कृष्ण की जन्मस्थली उस मस्जिद के नीचे मौजूद है और ऐसे कई संकेत हैं, जो यह साबित करते हैं कि वह मस्जिद एक हिंदू मंदिर है। याचिका में दावा किया गया था कि वहां एक कमल के आकार का स्तंभ मौजूद है, जो हिंदू मंदिर की विशेषता है। साथ ही शेषनाग की छवि है। मस्जिद के स्तंभ पर हिंदू धार्मिक प्रतीक और नक्काशी मौजूद हैं। याचिका में कोर्ट कमिश्नर द्वारा पूरे सर्वेक्षण की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी कराने की भी मांग की थी। मस्जिद कमेटी ने इस याचिका का विरोध किया था, लेकिन हाईकोर्ट ने विरोध को दरकिनार कर कोर्ट कमिश्नर नियुक्त करने का आदेश दिया था। उल्लेखनीय है कि पूजा स्थल अधिनियम 1991, 15 अगस्त 1947 के बाद देश में सभी धार्मिक स्थलों की यथास्थिति बनाए रखने की बात कहता है। मंदिर, मस्जिद, चर्च और अन्य सभी पूजा स्थल इतिहास की परंपरा के मुताबिक वही रहेंगे, जो देश की आजादी के समय थे, उन्हें किसी भी अदालत या सरकार द्वारा बदला नहीं जा सकता। इस कानून को पीवी नरसिम्हा की सरकार में बनाया गया था।

## धुंध व कोहरे में लिपटा पूरा प्रदेश, कई जिले भीषण शीतलहर की चपेट में, मौसम विभाग ने चेताया

लखनऊ। शीत लहर का प्रकोप पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोगों को परेशान करने वाला है। मौसम विभाग ने फिलहाल इससे राहत के आसार से इंकार किया है। पश्चिम के साथ मध्य और पूर्वी यूपी में भी शीतलहर चल रही है। मंगलवार को प्रदेश कोहरे की सफेद चादर से ढका हुआ नजर आया। बनारस,आगरा और प्रयागराज में कोहरा इतना घना रहा कि वहां दृश्यता शून्य दर्ज हुई है। जबकि इटावा, मुजफ्फरनगर, झांसी, फरुर्खाबाद में 10 मीटर,



अलीगढ़ में 20 मीटर, बरेली, बहराइच और बलिया में 40 मीटर, मेरठ, नजीबाबाद, अयोध्या में 50 मीटर तक रही दृश्यता रिकॉर्ड हुई। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, कोहरे से फिलहाल कोई राहत के आसार नहीं है। हालांकि पुरवा हवा चलने से पारे में कुछ दिन बढ़ने की प्रवृत्ति रहेगी, लेकिन ये राहत अस्थायी होगी। शीतलहर का कहर अभी जारी रहेगा।

**मौसम विभाग ने इन जिलों के लिए अलर्ट जारी किया**– हरदोई, फरुर्खाबाद, कन्नौज, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, कासगंज, एटा, बिजनौर, बदायूं व आसपास घना कोहरे के आसार हैं।

**शीतलहर से होंगे प्रभावित**– सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, संभल व आसपास के इलाकों में शीत लहर चल सकती है।

## संपादकीय

# हाथी की सीधी चाल

मायावती ने आगामी लोकसभा चुनावों में अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा करके भले ही विपक्षी इंडिया गठबंधन को चौंकाया हो, लेकिन इस बात के कयास पहले ही लगाए जा रहे थे। हाल के दिनों में राजग की रीतियों-नीतियों को लेकर जिस तरह का उदार रवैया बसपा सुप्रीमो दिखा रही थीं, उससे भी ऐसे अंदाजे लगाए जा रहे थे। यहां तक कि पिछला लोकसभा चुनाव उन्होंने जिस सपा के साथ लड़ा था, उसके मुखिया को उन्होंने रंग बदलने वाला गिरगिट तक कह दिया। मायावती ने कहा कि जिन दलों के साथ बसपा ने पिछले चुनावों के दौरान गठबंधन किया था, उनके वोट बसपा को ट्रांसफर नहीं होते। बहरहाल, मायावती के एकला चलो के फैसले से इंडिया गठबंधन को झटका जरूर लगा है, खासकर देश की सबसे पुरानी कांग्रेस पार्टी को आस थी कि मायावती विपक्षी गठबंधन का हिस्सा बनेंगी तो वोटों का बिखराव रोका जा सकेगा। खासकर दिल्ली की कुर्सी का रास्ता दिखाने वाले उत्तर प्रदेश में बढ़त लेने के लिये, जहां वंचित समाज में पार्टी की मजबूत पकड़ रही है। जहां तक मायावती के वोट ट्रांसफर न होने वाले आरोप का सवाल है तो अन्य विपक्षी दल इस आरोप से सहमत नहीं हैं। बहुजन समाज पार्टी ने उ.प्र. में समाजवादी पार्टी के साथ मिलकर 1993 व 2019 में विधानसभा व लोकसभा के चुनाव लड़े थे। राजनीतिक पंडित मानते हैं कि वर्ष 1993 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में सपा और बसपा में वोट ट्रांसफर हुआ था। जिसके चलते राज्य में गठबंधन की सरकार बनी थी। हालांकि, वर्ष 2014 में सपा-बसपा अलग-अलग चुनाव लड़े थे, लेकिन वर्ष 2019 में दोनों साथ मिलकर लड़े। इससे दोनों दलों को फायदा हुआ। यहां तक कि बसपा को ज्यादा फायदा हुआ क्योंकि 2014 में भाजपा के राजनीतिक गणित से मात खाकर बसपा को एक भी सीट नहीं मिली थी। जबकि गठबंधन के साथ बसपा 2019 में दस लोकसभा सीट पाने में सफल रही। हालांकि, सपा को ज्यादा लाभ नहीं हुआ, उसके खाते में सिर्फ पांच लोकसभा सीट ही आईं। बहरहाल, कतिपय राजनीतिक पंडित मानकर चल रहे हैं कि बसपा का अलग चुनाव लड़ने का निर्णय भाजपा को लाभ पहुंचाने वाला है। यह भी राजग की लिखी पटकथा का ही हिस्सा है। यहां तक कि सपा बसपा को भाजपा की बी टीम तक कहा करती थी। विपक्षी दल आरोप लगाते रहे हैं कि राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को सरकारी एजेंसियों के रडार में लाकर दुःस्वप्न चित्रित किया जाता रहा है। यह भी तय है कि तमाम राजनीतिक दलों का अर्थशास्त्र पाक-साफ तो नहीं ही रहता है। जिसके चलते वे ईडी व अन्य वित्तीय एजेंसियों की संभावित कार्रवाई की आशंका में दबाब में आ जाती हैं। विपक्षी दल बसपा के राजग को परोक्ष रूप से लाभ पहुंचाने की रणनीति को इसी दृष्टि से देखते हैं। यही वजह है कि बसपा ने भी उन तीखे-तल्ख नारों से परहेज किया है जो अकसर वह सवर्णों को लेकर उछालती रही है। अब मनुवाद के नाम पर निशाने पर लेने का क्रम भी टूटा हुआ नजर आता है। कभी बसपा संस्थापक कांशीराम द्वारा बामसेफ व डीएस-4 जैसे संगठनों की स्थापना के बाद इसका राजनीतिक स्वरूप तय करने पर पार्टी के तेवरों में जो आक्रामकता होती थी, वह अब नदारद है। दरअसल, दलित-मुस्लिम गठजोड़ की वैचारिकी पर आधारित यह राजनीतिक दल कालांतर मुस्लिमों का भरोसा भी कायम न रख सका। एक समय पार्टी का उरोज इस कदर था कि 1987 के हरिद्वार लोकसभा उपचुनाव में दिग्गज दलित नेता राम विलास पासवान तक की जमानत जब्त हो गई थी। ये बसपा-सपा गठबंधन की ताकत थी कि 1992 में अयोध्या में विवादित ढांचा गिराये जाने के बाद चली राम लहर में भाजपा को हार का सामना करना पड़ा था। लेकिन चार बार उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री रहीं मायावती का जनाधार अब इतना नहीं रह गया कि पार्टी किंग मेकर की भूमिका निभा सके। उसके परंपरागत जनाधार पर मोदी कैमिस्ट्री ने सेंध लगा दी है। बहरहाल, बसपा का अकेले चुनाव लड़ना भाजपा को रास आएगा क्योंकि इससे विपक्षी गठबंधन का जनाधार खिसकेगा। जिससे भाजपा की जीत की राह आसान हो सकती है।

# मालदीव सरकार की नीतियां और चीन पर भरोसा

आखिरकार मालदीव सरकार ने भारतीय सैनिकों की वापसी का दिन तय कर दिया है। हालांकि नवंबर में पदभार संभालने के साथ ही राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने भारत से अपने सैनिकों को वापस बुलाने की अपील की थी। इस संबंध में दोनों देशों के अधिकारियों के बीच मंथन चल रहा था। मगर चीन यात्रा से वापस लौटते ही मुइज्जू ने बड़े तीखे अंदाज में कह दिया कि भारत अगले दो महीनों के भीतर अपने सैनिक वापस बुला ले। इसे लेकर दोनों देशों की उच्च स्तरीय समिति की बैठक हुई और आम सहमति भी बन गई बताया जा रहा है। मगर अभी यह तय नहीं हो सका है कि जिस काम के लिए भारतीय सैनिक वहां तैनात किए गए थे, वह काम कैसे संचालित होगा। गौरतलब है कि फिलहाल वहां अट्ठासी भारतीय सैनिक तैनात हैं, जो भारत द्वारा मालदीव को उपहार में दिए समुद्री गश्ती विमानों और दो हेलीकाप्टरों का संचालन करते हैं। इसके अलावा चिकित्सा सेवाएं और मालदीव के सैनिकों को युद्धक विमान आदि उड़ाने का प्रशिक्षण देते हैं। इस फैसले से भारत को कम, मालदीव को अधिक नुकसान होने वाला है। मगर वर्तमान राष्ट्रपति मुइज्जू का झुकाव चीन की तरफ है और उन्हें भरोसा है कि उनकी आर्थिक जरूरतें चीन से पूरी हो जाएंगी। चीन दौरे के वक्त उन्होंने कई महत्त्वपूर्ण समझौते भी किए हैं। मालदीव से भारत का बहुत पुराना संबंध है। हर मुश्किल के वक्त भारत ने उसका साथ दिया है। इसलिए मुइज्जू से पहले वहां के सभी शासक भारत के साथ दोस्ताना संबंध बनाए रखते रहे हैं। मगर मुइज्जू की पार्टी पिछले चुनाव में भारत को मालदीव से बाहर निकालने के नारे के साथ मैदान में उतरी थी। उसे कामयाबी मिली और मुइज्जू राष्ट्रपति बने तो उन्होंने दावा किया कि उनके भारत को बाहर निकालने के वादे को जनमत ने स्वीकार किया है, इसलिए उससे मुक्ति पाना उनकी सरकार की प्राथमिकता है। पिछले दिनों जब मुइज्जू सरकार के तीन मंत्रियों ने भारतीय प्रधानमंत्री की लक्षद्वीप यात्रा के समय अपमानजनक टिप्पणियां कीं, तब दोनों देशों के बीच रिश्तों में तल्खी बढ़ गई। हालांकि मालदीव सरकार ने उन मंत्रियों को बर्खास्त कर दिया, पर वह खलिश शायद बनी हुई थी। भारतीय सैनिकों के वहां से वापस लौटने के बाद भारत को सामरिक सुरक्षा के मामले में कुछ चुनौतियां जरूर पेश आ सकती हैं। मालदीव चूंकि भौगोलिक रूप से भारत के बहुत नजदीक है और वहां भारत का रडार होने से उस क्षेत्र में निगरानी रखना आसान था। अब भारत को इसकी वैकल्पिक व्यवस्था करनी पड़ेगी। मगर भारत से टकराव मोल लेकर होने वाले नुकसान की भरपाई मालदीव कैसे कर पाएगा, कहना मुश्किल है। मालदीव में अब भी बहुत सारे लोग राष्ट्रपति मुइज्जू की भारत-विरोधी नीति के खिलाफ हैं। इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि राष्ट्रपति बनने से पहले वे जिस माले के मेयर थे, उस सीट पर हुए चुनाव में लोगों ने उनकी पार्टी के प्रत्याशी को हरा दिया और भारत समर्थक मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार को मेयर चुना है। फिर, मालदीव की अर्थव्यवस्था पर्यटन पर टिकी है, जिस तरह श्रीलंका की टिकी है। मालदीव जाने वाले सैलानियों में सबसे अधिक संख्या भारत के लोगों की होती है। श्रीलंका ने चीन का दामन थाम कर नतीजा देख लिया है। मगर मालदीव ने उससे सबक नहीं लिया। चीन कहीं उसका हाल भी श्रीलंका जैसा न कर दे। चीन से दोस्ती करके भारत के अलावा अमेरिका, फ्रांस आदि देशों से भी उसने दुश्मनी मोल ले ली है।

# इतिहास के जुल्म और अत्याचार से हिंदुओं को पांच सौ साल बाद न्याय मिला है

**निरंजन मार्जनी**

22 जनवरी को अयोध्या में होने वाली राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कई मायनों में एक नई शुरूआत है। प्राण प्रतिष्ठा को लेकर विपक्ष की पार्टियों की ओर से भाजपा पर लगातार हमले हो रहें हैं। विपक्ष भाजपा पर मंदिर पर राजनीति करने का, अर्थात राजनीति में धर्म को लाने पर आलोचना कर रहा है। विपक्ष अपनी आलोचना से इस मुद्दे को एकतरफा पेश करने की कोशिश कर रहा है। विरोधी पार्टियां तर्क दे रही हैं कि धर्मनिरपेक्ष देश में सरकार का इस तरह के समारोह में शामिल होना एक तरह से हिंदुत्व को बढ़ावा देना है जो संविधान के खिलाफ जाता है और अल्पसंख्यकों की भावनाओं को ध्यान में नहीं लेता। लेकिन विपक्ष की नाराजगी की वजह सिर्फ संविधान की काल्पनिक खिलाफत नहीं है। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के कई पहलू हैं जिन पर गौर करना जरूरी है। इन पहलुओं से विपक्ष की नाराजगी की असली वजह भी सामने आती है।

सबसे पहले, अयोध्या में प्रभु श्री राम के जन्मस्थान पर भव्य मंदिर का निर्माण होने से इतिहास में हुए जुल्म और अत्याचार के लिए हिन्दुओं को पांच सौ साल बाद न्याय मिला है। यह सिर्फ एक ऐतिहासिक गलती का सुधार नहीं है बल्कि लगातार एक हजार वर्षों से हो रहे विदेशी आक्रमणों के दर्द से बाहर निकलना भी है। इसके साथ ही यह राम मंदिर भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के अभिमान का प्रतीक है। भारत को आजादी मिलने के बाद भी गुलामी की मानसिकता से बाहर आने में देश के लोगों को काफी वक़्त लगा है। देश को अंग्रेजों से 1947 में आजादी मिलने का मतलब यह नहीं है कि भारत उसी वर्ष अस्तित्व में आया। सीधे तौर पर इस बात को कहे बिना विपक्ष का रुख इस प्रकार रहा है जो अप्रत्यक्ष रूप से हजारों साल पुरानी भारत की संस्कृति को नकारता आया है। लेकिन अब देश की ज्यादातर जनता न सिर्फ अपने भारतीय होने पर गर्व करती है बल्कि भारतीय संस्कृति से भी ज्यादा से ज्यादा जुड़ रही है।



दूसरा, विपक्ष इस मंदिर के निर्माण को एक विभाजनकारी कदम के तौर पर पेश कर रहा है जो हिंदुत्व के नाम पर हिन्दू धर्म के अंतर्गत आने वाली जाती, जनजाति और उपजाति को ध्यान में नहीं लेता। लेकिन अयोध्या में निर्माण हो रहे राम मंदिर को देखें तो यह तर्क भी गलत साबित होता है। प्रभु श्री राम के मंदिर के साथ साथ उसी परिसर में कई और मंदिरों का निर्माण भी हो रहा है। इनमें शिव, अन्नपूर्णा, भगवती, गणेश, हनुमान, सूर्य, वाल्मीकि, वशिष्ठ, विश्वामित्र, जटायु और शबरी के मंदिर भी शामिल हैं। इनमें से वाल्मीकि, वशिष्ठ, जटायु और शबरी को भारत की कई पिछड़ी जातियां और जनजातियां अपने पूर्वज मानती हैं। हनुमान, जिन्हें कुछ जनजातियां अपना पूर्वज मानती हैं, उनकी भक्ति सभी वर्गों के लोग करते हैं। राम मंदिर सभी हिन्दुओं की आस्था से जुड़ा है लेकिन साथी ही यह हिन्दू धर्म की विविधता का समावेशी भी है। तीसरा, जातियों की पारंपारिक विविधता को ध्यान में रखने के साथ ही यह मंदिर निर्माण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए जातियों के वर्गीकरण का भी प्रतिनिधित्व करता है। मोदी ने कहा है कि उनके लिए और उनकी सरकार के लिए चार जातियां महत्त्वपूर्ण हैं। ये जातियां हैं गरीब, किसान, महिलाएं और युवा। राम मंदिर का निर्माण होने के साथ साथ अयोध्या के बुनियादी ढाँचे का भी काफी विकास हुआ है जिनमें रेलवे स्टेशन और हवाई अड्डा भी शामिल हैं। राम मंदिर की वजह से अब अयोध्या भारत के प्रमुख तीर्थस्थान के तौर पर उभरा है जिससे पर्यटन को लगातार बढ़ावा मिलेगा। पर्यटन को बढ़ावा मिलने से अयोध्या और उसके आस पास के इलाकों में छोटे-बड़े उद्योगों को भी बढ़ावा मिलेगा। इसमें होटल, रेस्तरां, ट्रांसपोर्ट, मिठाई की दुकान, पूजा सामग्री की दुकान, फूल की दूकान इत्यादि शामिल हैं। इन उद्योगों को बढ़ावा मिलने से गरीब, किसान, महिलाएं और युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। इससे मोदी ने अपनी प्राथमिकता में जिन जातियों का जिक्र किया है उनका फायदा होगा। विपक्षी पार्टियां, विशेषतः क्षेत्रीय दल, अपनी राजनीति के लिए जाती या वर्ग विशेष पर निर्भर रहती हैं जैसे पिछड़ी जातियां और गरीब। लेकिन राम मंदिर के निर्माण से अब विपक्ष के इस वोट बैंक पर जबरदस्त सेंध लगी है जो उनकी नाराजगी की असली वजह है। राम मंदिर का निर्माण पुरानी व्यवस्था को चुनौती है। राजनीतिक दल संकुचित नजरिए से जातियों का विकास करने की बजाए उनका चुनाव जीतने के लिए इस्तेमाल करते थे। राम मंदिर से जहां एक तरफ करोड़ों हिन्दुओं की भावनाओं का सम्मान हो रहा है, वहीं भारत की राजनीति भी बदल रही है। राम मंदिर से दो महत्त्वपूर्ण संदेश जाते हैं। एक तो हिन्दू धर्म का अभिमान होना उसकी विविधताओं को नकारना है। दूसरा, आस्था का सम्मान करने का मतलब विकास को नजरअंदाज करना नहीं होता। राम मंदिर यह साबित करता है कि आस्था और विकास एक दूसरे से जुड़े हैं। इसीलिए राम मंदिर का निर्माण पूरे देश के लिए एक नई शुरूआत है।

# जहां तैयार हुए उच्च जीवन मूल्यों के शूरवीर

**ले. जन. एसएस मेहता ( अ.प्रा. )**

मैं उस वक्त 16 साल का भी नहीं था जब राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) में दाखिला मिला था और इस महीने मैं 80 बरस का हो जाऊंगा। हम चार भाई फौज में रहे, तीन राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के प्रशिक्षु रहे तो चौथा इस अकादमी में प्रशिक्षक-अफसर रहा। मेरे बेटे ने भी एनडीए से प्रशिक्षण लिया है, जिसने आगे चलकर एक रेजीमेंट का बतौर कमांडेंट नेतृत्व किया। फौज में कमीशन मिलने पर मेरी नियुक्ति 63वीं कैवेलरी में हुई। अपने पांच नजदीकी रिश्तेदारों में, हम चार भाइयों, मेरे बेटे और जीजा ने भी 1971 का युद्ध लड़ा।

बा-वर्दी में और बिना-वर्दी दिनों की यादें गर्माइश भरी हैं। एनडीए की वीथियों से होकर कम उम्र में फौज में आने का लाभ है यह प्रशिक्षण में बेफिक्री, भाईचारा, अनुशासन, टीम-भावना, रणनीतिक दृष्टि, प्रभावशाली रूप से समझाने की काबिलियत और लचीला रुख भर दिया जाता है। नतीजतन, हिम्मत न हारो, अनेकता में एकता और स्वयं से पहले सेवा की भावना बनती है। यह भाव मेरे लिए राष्ट्र सर्वप्रथम, सदैव और हरहाल में वाला मूलमंत्र बन जाता है। एनडीए कोर्स में प्रवेश सेना बतौर एक इकाई होता है। हालांकि इसकी संरचना लगभग एक दर्जन अलहदा विधाओं से हुई है। यह विविधता ढल जाने और सकल प्रभावशीलता में प्रवीणता बनाती है क्योंकि प्रत्येक प्रवेश संस्थान प्रशिक्षु में एक नेतृत्वकर्ता और फौजी होने के लिए जो आयाम आवश्यक है, उस हेतु विलक्षण कौशल और अनुभव से लैस कर देता है।

नव फौजी अफसर पैदा करने वाली यह सैन्य नर्सरी लोकतांत्रिक मूल्य भरने के लिए भी जानी जाती है, सुनने में भले ही अटपटा लगे, लेकिन एनडीए के लिए यही सच है। आज जब यह अपनी स्थापना के 75 साल पूरे कर रही है, यहां से तैयार होकर निकले प्रशिक्षुओं में जो बात सबसे निराली है, वह यह कि यहां की पढ़ाई सैन्य नेतृत्वकताओं में ऐसी सपाट एवं एकांगी दृढ़ता बनाती है, जो अपने प्रशिक्षुओं को संविधान के प्रति ली सौंगध से भटकने की इजाजत नहीं देती। 1970 और 80 के बीच ऐसा वक्त था जब भारत पूरबी और पश्चिमी ओर से सत्ता पर सैन्य तानाशाह काबिज मुल्कों में घिरा था। तथ्य यह है कि, जहां हमारे पश्चिमी पड़ोसी के सैन्य प्रशिक्षण संस्थान भावी सैन्य-तानाशाह तैयार करते हैं वहीं एनडीए की टकसाल में निरोल पेशेवर फौजी ढलते हैं, जो अपने देश और मातहतों के हितार्थ अपनी जान को जोखिम में डालने को तत्पर रहते हैं, यह जज्बा एनडीए के आदर्श वाक्य सेवा परमोधर्मः या स्वयं से पूर्व सेवा को सही मायने में चरितार्थ करता है। बतौर एक लोकतांत्रिक राष्ट्र भारत की सफलता के पीछे एक बड़ा कारण यह भी है कि हमारे सैन्य नेतृत्व के कृत्यों और जहन में सत्ता का लालच बिल्कुल नहीं है, जबकि दुनियाभर में औपनिवेशिक दासता से मुक्त हुए अनेकानेक मुल्कों की फौज में यह लिप्सा कभी न कभी तारी हो गई।

हमारे संस्थानों में सेना एक जीता-जागता उदाहरण है, जिसके आदर्शों को स्वरूप देश के संस्थापकों ने दिया था। केवल एक आदर्शवादी ही देश के लिए जान देने के लिए तैयार-बर-तैयार रहता है और सेवानिवृत्ति उपरांत घर पर अपने पोते-पोतियों को गाथाओं से प्रेरित करता है। हमारे स्वतंत्रता आंदोलन में अंतर्निहित रहे कालजयी आदर्शवादी मूल्य और रिवायतों की हमारी सेना मुंह बोलता उदाहरण है। इस खासियत ने एनडीए और इस जैसे अन्य भारतीय सैन्य संस्थानों को विश्व की सर्वोत्तम रक्षा सेवा प्रवेश अकादमियों में स्थान दिलवाया है, जहां पर बिना अपवाद भावी पेशेवर फौजी अफसर तैयार किए जाते हैं। और, बेशक, उनमें कुछ ने खुद को विश्व-स्तरीय सैन्य कमांडर एवं रणनीतिज्ञ सिद्ध कर दिखाया है।

भारत ने जितने युद्ध लड़े हैं उनमें सबमें सैन्य बलों का व्यवहार, अपने-अपने प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा भरे गए मूल्यों के प्रति सर्वोत्तम प्रतिबद्धता का प्रतीक रहा है। यदि भारतीय सेना ने बांग्लादेश की आजादी के लिए लड़े युद्ध के बाद, नव-स्थापित आजाद सरकार की सहायता के नाम पर वहीं न बने रहकर, शीघ्र वतन वापसी करी, तो इसके पीछे बहुत श्रेय जाता है दिवंगत जनरल (बाद में फील्ड मार्शल) सैम मानेकशॉ के मूल्यपरक नेतृत्व गुणों को, यह वह सबक है जिस पर एनडीए के वर्तमान और पूर्व-प्रशिक्षकों को नाज है। 1971 के घटनाक्रम को अक्सर न्याय युद्ध वह लोग कहते हैं जिनको अटल विश्वास है यह कार्रवाई पाकिस्तानी सेना द्वारा बरपाए नरसंहार और बलात्कारों के प्रतिकर्म स्वरूप की गई थी। इसने बांग्लादेश को आजादी दिलवाई और अपने लोगों को भावी हिंसा से बचाया। जायज और नाजायज युद्ध नामक शोध पर किताब के लेखक माइकल वॉल्जर के अनुसार यह लड़ाई 20वीं सदी के तमाम युद्धों में सही मायनों में मानवीय आधार पर की गई एकमात्र सैन्य दखलअंदाजी थी। और इस न्याय युद्ध में भाग लेने वाले अफसरों और अन्य साथी फौजियों की नैतिकता की रीढ़ के पीछे एनडीए प्रदत्त मूल्य थे। जिस बर्बर और विषैले दुश्मन के साथ भीषण लडाई लड़ी हो, युद्धोपरांत उसी के साथ नरमी से पेश आना बहुत मुश्किल होता है, वह भी तब जब बतौर युद्धबंदी उसकी भलाई आपके रहमोकरम पर हो। बांग्लादेश में आत्मसमर्पण करने वाले 90000 से अधिक युद्धबंदियों का प्रबंधन करना एक बहुत बड़ा और विकट काम था। प्रत्येक ऐसे युद्धबंदी को यह संदेश साफ मिल गया था कि यह विजय सैन्य शासन पर लोकतंत्र की और बर्बरता पर मानवीयता की है, जेनेवा युद्धबंदी अंतर्राष्ट्रीय संधि के प्रावधानों पर भी यह व्यवहार पूरी तरह खरा उतरा। आगे चलकर, कारगिल और अन्य युद्ध मोर्चों पर जो स्थितियां सामने आईं, लगता है हमारा दिखाया मानवीय रवैया किसी काम न आया। वर्तमान में विश्वभर में जो भयावह परिदृश्य है, उसके परिप्रेक्ष्य में इसे देखकर अफसोस होता है।

यहां तक कि जब श्रीलंका में भारतीय शांति सेना को बहुत भारी जानी नुकसान झेलना पड़ा तब भी भारतीय सेना ने सिविलियनों की आड़ में छिपकर हमले कर रहे एलटीटीई आतंकियों पर जवाबी गोलीबारी करने से खुद को रोके रखा। वियतनाम युद्ध को निर्दोष ग्रामीणों पर बरपाए माई लाई नरसंहार और अन्य ज्यादतियों भरे प्रसंगों के लिए जाना जाता है, लेकिन ठीक इस जैसी परिस्थितियों में भारतीय सेना की कार्रवाई की गाथाएं एकदम उलट हैंझ अर्थात भारतीय फौजी अफसर वह होता है जो सिविलियनों का जानी नुकसान न्यूनतम रखने की एवज में खुद अपने पर और अपने फौजियों पर भारी पीड़ा झेलने को मानसिक रूप से तैयार रहता है। यदि विदेशी आक्रमणकारियों और घरेलू विद्रोहियों से लड़े प्रत्येक युद्ध के बाद भी यह रिवायत कायम है, तो यह तभी हो पाया क्योंकि हमारी सैन्य अकादमियों में अफसरों में मानवता एवं मानववादी आचरण कायम रखने के बारे में सिखाया जाता है। भारतीय फौजियों ने लचीलापन, शौर्य एवं प्रतिबद्धता का अनवरत प्रदर्शन कायम रखा है। 1999 में कारगिल युद्ध में भारतीय सैनिकों ने तमाम विपरीत स्थितियों में पर्वत शिखर युद्धकौशल और राजनीतिक इच्छाशक्ति द्वारा तय परिधि के भीतर रहकर, वास्तविक सीमा रेखा पार किए बिना घुसपैठियों को खदेड़ डाला। मेरी जानकारी में आधुनिक इतिहास में ऐसा कोई अन्य उदाहरण नहीं है कि दुश्मन की फौरी और शर्मिंदगी भरी हार सुनिश्चित करने में साहसिक सैन्य कार्रवाई के साथ-साथ उतने अनुपात में अनुशासनात्मकता भी दिखाई गयी हो।

# मुइज्जू ने राष्ट्रवाद को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल करवा कर क्या संदेश दिया है?

**नीरज कुमार दुबे**

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू चीन की यात्रा से लौटने के बाद से भारत के खिलाफ आक्रामक तेवर अपनाये हुए हैं और एक के बाद एक ऐसी घोषणाएं कर रहे हैं जो दर्शा रही हैं कि उनके मन के अंदर भारत के प्रति कितनी कटुता भरी हुई है। मोहम्मद मुइज्जू यह तो चाहते हैं कि उनके देश के लोग देशभक्त बनें लेकिन खुद वह चीन को अपना रिमोट कंट्रोल सौंप आये हैं। हालांकि राजधानी माले की जनता ने मेयर चुनाव में राष्ट्रपति को सीधा संदेश दे दिया है कि वह भारत विरोध के पथ पर आगे नहीं बढ़ें लेकिन मुइज्जू तो अपना ईमान बीजिंग को जैसे बेच आये हैं। तानाशाह शी जिनपिंग से मुलाकात करने के बाद मुइज्जू ऐसा प्रभावित हुए हैं कि अब उन्होंने वैसा ही रुख अपने देश में अपनाने का निर्णय ले लिया है।

इसके लिए मालदीव की सरकार कई बड़े कदम उठाने जा रही है। इसके तहत मुइज्जू सरकार ने आगामी नए शैक्षणिक वर्ष से स्कूली पाठ्यक्रमों में 'राष्ट्रवाद' को एक अलग विषय के रूप में शामिल करने की घोषणा की है। चीन की यात्रा से लौटने के बाद राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने अपने मंत्रिमंडल की जो पहली बैठक की उसमें यह महत्वपूर्ण फैसला किया गया। मंत्रिमंडल के फैसले की जानकारी देते हुए राष्ट्रपति के प्रधान सचिव अब्दुल्ला नाज़िम इब्राहिम ने कहा कि यह निर्णय युवा पीढ़ी के बीच राष्ट्रवाद के सिद्धांतों और मूल्यों के प्रति सम्मान को बढ़ावा देने के लिए किया गया है। नाजिम ने कहा कि हमारा लक्ष्य एक ऐसी पीढ़ी तैयार करना है जो राष्ट्रवाद से परिचित हो और देश के प्रति प्रेम रखे। उन्होंने कहा कि मालदीव राष्ट्रवाद को पुनर्जीवित करना चाहता है यही कारण है कि सामाजिक परिषद ने राष्ट्रीय पाठ्यक्रम में राष्ट्रवाद को एक अलग विषय के रूप में पढ़ाने का फैसला किया है। नाजिम ने कहा कि मुइज्जू सरकार स्कूलों में राष्ट्रवाद को पाठ्यक्रम में शामिल करने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां तेजी के साथ करेगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्रालय को इस संबंध में काम शुरू करने का निर्देश दिया गया है।



हम आपको बता दें कि राष्ट्रवाद को एक अलग विषय के रूप में पढ़ाना राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू द्वारा चुनावों के दौरान किये गये प्रमुख वादों में से एक है। मुइज्जू ने चुनावों के समय कहा था कि राष्ट्रवाद विषय को शुरू करके सरकार बच्चों को अनुशासन सिखाएगी। इसके लिए सरकार ने शैक्षणिक वर्ष की तारीखों में बदलाव करने का फैसला भी किया है, जिसके मुताबिक चालू शैक्षणिक वर्ष अप्रैल में समाप्त होगा। नया शैक्षणिक वर्ष 26 मई से शुरू होने होगा। सरकार ने तारीखों में बदलाव इसलिए किया है ताकि उसे नया पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए तैयारियां करने के लिए कुछ और वक्त मिल जाये।

हम आपको यह भी बता दें कि मुइज्जू चीन से जो निर्देश लेकर आये हैं उसे अमली जामा पहनाने के लिए वह मालदीव की संसद में कुछ बड़ी घोषणाएं कर सकते हैं। इस वर्ष संसद के पहले सत्र की उद्घाटन बैठक 5 फरवरी को होगी। मालदीव के संसद सचिवालय के मुताबिक स्पीकर मोहम्मद असलम ने इस साल के पहले सत्र की उद्घाटन बैठक 5 फरवरी को सुबह 9 बजे से तय की है। राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू, जिन्होंने पिछले साल 17 नवंबर को शपथ ली थी, उन्हें संसद की उद्घाटन बैठक में अपना पहला राष्ट्रपति भाषण देना होगा। माना जा रहा है कि इस उद्घाटन भाषण में कई बड़ी घोषणाएं होंगी। हम आपको बता दें कि सरकार को कामकाज संभाले हुए दो महीने से ज्यादा हो गये हैं मगर संसद ने अभी तक कैबिनेट को मंजूरी नहीं दी है। देखना होगा कि संसद क्या उन तीन मंत्रियों का निलंबन वापस लेती है जिनको भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अमर्यादित टिप्पणी करने के चलते निलंबित किया गया था।

जहां तक मुइज्जू को बीजिंग से लौटते ही लगे चुनावी झटके की बात है तो आपको बता दें कि माले के मेयर चुनावों में जनता ने सत्तारुढ़ पार्टी को हरा दिया है। हम आपको यह भी बता दें कि मुइज्जू भी राष्ट्रपति बनने से पहले माले के मेयर थे। उन्होंने मेयर पद से इस्तीफा देकर ही राष्ट्रपति चुनाव लड़ा था। इस बार मेयर चुनाव में जनता ने भारत समर्थक विपक्षी मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) को शानदार जीत देकर राष्ट्रपति के भारत विरोधी अभियान की सारी हवा निकाल दी है। एमडीपी उम्मीदवार एडम अजीम को माले के नए मेयर के रूप में चुना गया है। मालदीव मीडिया ने एडम अजीम की जीत को मुइज्जू के लिए राजनीतिक भूकंप के समान बताया है। उल्लेखनीय है कि एमडीपी का नेतृत्व भारत समर्थक पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद सोलिह कर रहे हैं, जो राष्ट्रपति चुनाव में चीन समर्थक नेता मुइज्जू से हार गए थे। मेयर चुनाव की जीत से एमडीपी की राजनीतिक किस्मत फिर से चमकने की उम्मीद है क्योंकि संसद में अब भी उसके पास अच्छी खासी संख्या में सीटें हैं। जहां तक मुइज्जू की ओर से भारत विरोधी अभियान को हवा देने की बात है तो निश्चित रूप से बीजिंग से लौटते ही वह पहले से ज्यादा आक्रामक दिख रहे हैं। पहले उन्होंने भारत के साथ हालिया विवादों के बारे में पूछे जाने पर कहा कि हम छोटे (देश) हो सकते हैं, लेकिन इससे आपको हमें धमकाने का लाइसेंस नहीं मिल जाता। उसके ठीक बाद उन्होंने भारत से कहा कि वह उनके देश में तैनात अपने सैन्यकर्मियों को 15 मार्च तक हटा ले।

# गरीबों असहायों में कंबल वितरित कर मनाई मुन्ना चाचा की पुण्यतिथि



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। मंगलवार को नगर स्थित आनंद शिक्षण एवं जन कल्याण समिति मोहल्ला नियाजी के तत्वावधान में स्वर्गीय ललित मोहन श्रीवास्तव उर्फ मुन्ना चाचा के पुण्यतिथि पर उनकी धर्मपत्नी चंद्रकला श्रीवास्तव के सहयोग से गरीब, कमजोर, असहाय व दिव्यांगजनों को कंबल का वितरण किया गया। जिसमे संस्था के प्रबंधक आनंद शेखर श्रीवास्तव ने बताया की स्व0 ललित मोहन श्रीवास्तव ने एक बड़े घराने में जन्म लेने के बाद भी बगैर ऊँच नीच भेदभाव के जीवन भर लोगो के कंधे से कंधा मिलाकर चलने का काम किया।इनकी मृत्यु हम लोगों के लिए अपूर्णिय क्षति है। सभा में सर्वप्रथम तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया गया। जिसमे संस्था के अध्यक्ष एवं पूर्व सभासद ममता श्रीवास्तव, संस्थापक राजेश श्रीवास्तव, प्रवीण चंद्र श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित रहे।

# मंदिरों के स्वच्छता अभियान में शामिल हुए एमएलसी चंचल, किया श्रमदान

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। सैदपुर नगर पंचायत स्थित बूढ़ेनाथ महादेव घाट पर एमएलसी विशाल सिंह चंचल ने सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ साफ सफाई कार्यक्रम मे सहभाग किया। एमएलसी चंचल ने मंदिर के बगल मे लगे पथ्थर के चबूतरे पर झाड़ू लगाया तथा सीढ़ियों को पानी से धुलाई कर स्वछता अभियान मे सहभाग किया। एमएलसी चंचल ने कहाँ की यह सफाई अभियान श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा के पावन पुण्य अवसर पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मंदिरों के स्वच्छता अभियान आह्वान पर पुरे देश मे सभी मंदिरो पर स्वछता अभियान चलाया जा रहा हैं। एमएलसी विशाल सिंह चंचल ने कहाँ की कई वर्षो के तपस्या के बाद प्रभु श्रीराम का मंदिर अब बनकर तैयार हुआ हैं। प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर प्रभु श्रीराम काज में श्रमदान कर इस अभियान का हिस्सा बनना सभी के लिए सौभाग्य की बात हैं। कार्यक्रम उपरांत अपने निधि से घाट पर 16 लाख रुपए घाट सीधी एवं चबूतरे का चल रहे कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण उपरांत एमएलसी विशाल सिंह चंचल ने कहा कि वाराणसी स्थित नमो घाट के तर्ज पर उचित बैठने की व्यवस्था के साथ घटकों और सुंदरीकरण करने हेतु आश्वासन दिया। कहां की एस्टीमेट के अनुसार संबंधित विभाग को धनराशि स्वीकृत कर दिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान एमएलसी विशाल सिंह चंचल को कार्यकर्ताओं द्वारा बताया गया कि सैदपुर नगर के भाजपा नेता पंकज अग्रवाल के बड़े भाई का निधन हो गया है। सूचना पाकर तत्काल एमएलसी विशाल सिंह चंचल पंकज अग्रवाल के घर जाकर शोक संवेदना व्यक्त किया। इस अवसर नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला सोनकर, अधिशासी अधिकारी, नायब तहसीलदार सैदपुर, आशु दुबे, सभासद गणपत वर्मा, सभासद गणेश वर्मा, सभासद बृजेश जैसवाल, पवन सिंह, हरि शरण वर्मा, प्रिंस यादव, आलोक जायसवाल, जिला पंचायत सदस्य अभय सिंह, विनोद प्रजापति, आशीष श्रीवास्तव, शैलू सिंह, ओमकार मिश्र सहित आदि लोग उपस्थित रहे।



## राज्य मंत्री रविन्द्र जायसवाल स्वच्छता अभियान में हुए शामिल, किया श्रमदान



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। प्रधानमंत्री एवं मुख्य मंत्री जी के आवाह्न पर देश प्रदेश में स्वच्छता अभियान कार्यक्रम संचालित किया गया है। 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम जी के मन्दिर में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर 14 जनवरी 24 से 22 जनवरी 24 तक जनपद में स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत विशेष सफाई अभियान कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिस क्रम मे आज जनपद के प्रभारी मंत्री व राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार स्टाम्प तथा न्यायालय शुल्य एवं पंजीयन विभाग उ0प्र0 रवीन्द्र जायसवाल ने वराह घाट मंदिर औड़िहार के मंदिर प्रागंण एवं आस पास में अधिकारियों संग स्वच्छता अभियान में बढचढ कर हिस्सा लिया एवं साफ-सफाई की। मंत्री जी ने मंदिर परिसर में स्वयं झाडू एवं फावडे के साथ उपस्थित होकर साफ-सफाई करते हुए लोगो को स्वच्छता के प्रति जागरूक एवं अपील किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी आर्यका अखौरी, मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य, जिला अध्यक्ष भाजपा सुनील सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, पुलिस अधिक्षक शहर, उपजिलाधिकारी सैदपुर, एवं अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## त्रिकुटा सेवा संस्थान द्वारा संचालित माधव शिक्षा संस्कार का आयोजित किया गया

प्रखर दानगंज वाराणसी। संस्था के संस्थापक श्रीमान हृदेश पांडेय जी कार्यक्रम समन्वयक अधिकारी श्रीमान धीरज सिंह जी और देवेंद्र यादव जी के प्रेरणास्रोत से आज 15 जनवरी मकर संक्रान्ति के शुभ अवसर पर 40 गांवों के केंद्रों पर के पंजीकृत बच्चों को बुलाकर भोज्य पदार्थों के साथ बच्चों ने बड़े ही हर्षोल्लास के साथ सहभोज किया, उसके उपरांत बच्चों के द्वारा मंदिर में साफ सफाई करके पूजा अर्चना कर दीप प्रज्ज्वलित कर प्रसाद वितरित किया गया जिसमे उपस्थित के केंद्र अनुदेशक श्रीमती साधना पांडेय जी, अंजली दुबे जी, बबली सिंह जी, पूजा गुप्ता जी, वर्षा तिवारी जी, दीक्षा शर्मा, बबिता सिंह, सुनीता सिंह, ज्योति पाठक ,कविता चौबे, विमल कुमार गौतम, अविनाश मिश्रा जी, रेखा तिवारी जी, रीना पांडेय जी, प्रेमलता पांडे जी और केंद्र सहायक पूनम देवी, रागिनी, प्रीती शर्मा, रेनू, प्रिया केंद्र अभिभावक आशीष कुमार पांडे, नीरज दुबे, अरविंद सिंह, सीता देवी, ओमप्रकाश पांडे लोगो ने मिलकर बड़े ही हर्षोल्लास से बच्चों के साथ मकर संक्रांति का पर्व मनाया गया, और बच्चों को इस मकर संक्रांति पर्व के बारे मे बताया गया। यह पर्व विभिन्न रूपों में विभिन्न राज्यों में मनाया जाता है, जैसे कि महाराष्ट्र, गुजरात, पंजाब, उत्तर प्रदेश, राजस्थान आदि। विभिन्न स्थानों पर इसे नामों से जाना जाता है, जैसे कि पोंगल, लोहड़ी, उत्तरायण, खिचड़ी, संक्रांति आदि।



## संघर्ष दिवस के रूप में पूर्व एमएलसी व शिक्षक नेता को दी गई श्रद्धांजलि

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। शिक्षक नेता और विधान परिषद सदस्य रहे ओमप्रकाश शर्मा की पुण्यतिथि शिक्षक संघ ने मनाई। इस अवसर पर शिक्षक हितों के लिए ओमप्रकाश शर्मा के संघर्षों को याद किया गया। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट के बैनर तले कार्यक्रम का आयोजन हुआ। प्रदेश प्रांतीय मंत्री चौधरी दिनेश चंद्र राय ने शर्मा जी के कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला और उनके जीवन काल की कई घटनाओं के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि शर्मा जी के आदर्श, उनकी नीतियां आज भी रास्ता दिखाती हैं। शर्मा जी के संघर्षों की बदौलत हमने बड़ी उपलब्धियां हासिल की शिक्षक समाज सदैव उनका ऋणी रहेगा। संघर्ष दिवस पर पुरानी पेंशन, निशुल्क चिकित्सा सुविधा, समान कार्य समान वेतन पर आने वाले समय मे संघर्ष के लिए तैयार रहने को कहा। उन्होंने कि कहा संघर्ष की रूपरेखा में सभी शिक्षक अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। इस



मौके पर जिलाध्यक्ष शिवकुमार सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली के लिए शुरू किए गए संघर्ष को परिणति तक पहुंचाना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस मौके पर बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे। इस अवसर पर जिलामंत्री प्रत्यूष त्रिपाठी ने आज के समय मे संघर्ष के सहारे ही मांगो के फलीभूत होने की बात कही। इस मौके पर नारायण उपाध्याय, डॉ रियाज अहमद, राणाप्रताप सिंह, प्रकाश चन्द्र दूबे, जयशंकर राय, अमित कुमार राय, सत्येन्द्र सिंह, रत्नेश राय, सूर्यप्रकाश राय, कुँवर अविनाश गौतम, मनोज कुमार सिंह, उमेश कुमार राय, विष्णु शंकर पाण्डेय, शैलेन्द्र यादव, दीपक खरवार, अभिषेक राय, प्रदीप वैश्य, राकेश राय, अनिल दूबे, शिवशंकर गिरी, ओमप्रकाश राय, डॉ संजय कुमार राय, लक्ष्मण प्रसाद केशरी, सत्येन्द्र कुमार सिंह, संजय श्रीवास्तव, संतोष यादव, देवभूषण तिवारी, संतोष यादव, जयप्रकाश राय आदि मौजूद रहे।

## सैदपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का हुआ आयोजन, मंत्री रविन्द्र जायसवाल ने बांटे प्रमाण पत्र

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। विकास खण्ड सैदपुर के ग्राम पंचायत बभनवली कला मे विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रवीन्द्र जायसवाल, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार, स्टाम्प तथा न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन विभाग उ0प्र0, सरकार ने कार्यक्रम का शुभारम्भ द्वीप प्रज्जवलित एवं माँ सरस्वती के चित्र पर माल्र्यापण कर किया। उन्हाने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री जी का संकल्प है कि सभी पात्र व्यक्तियों को सरकारी योजना का लाभ मिल सके इसलिए विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम गॉव - गॉव में आयोजित किये जा रहें है। जिससे कि सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओ का लाभ सभी पात्र व्यक्तियों को मिल सके। मंत्री जी ने उज्जवला योजना, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, विधवा पेंशन एवं अन्य प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे मे जानकारी देतु हुए बताया कि सरकार की मंशा है कि देश के प्रत्येक नागरीकों को जो योजना प्राप्त करने के योग्य है उन्हे अवश्य योजना का लाभ प्रदान किया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान उन्होने योजनाओं से वंचित लोगो से जानकारी लेते हुए कहा कि जो भी पात्र व्यक्ति छुट गये है वे लगाये गये स्टाल पर सम्पर्क कर अपना रजिस्टेशन करा ले जिससे उनको योजनाओं का लाभ मिल सके। कार्यक्रम मे शौचालय, आयुष्मान, एवं प्रधानमंत्री आवास योजना एवं अन्य योजनाओं से लाभान्वित पात्रो को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया तथा आवास पात्र लाभार्थियों को आवास की चाभी तथा स्वामित्र योजना के तहत घरौनी का प्रमाण पत्र वितरण किया गया । इस दौरान मंत्री जी द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से गर्भावती महिलाओ की गोदभराई एवं बच्चो का अन्न प्रासन भी कराया । कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागो द्वारा योजनाओ का स्टाल लगाया गया था जिसका अवलोकन किया। कार्यक्रम के दौरान मंत्री जी ने उपस्थित लोगो को पंचप्रण की शपथ दिलायी। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी आर्यका अखौरी, जिला अध्यक्ष भाजपा सुनिल सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह, मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा भानू प्रताप सिंह एवं अन्य संबंधित गणमान्य एवं जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



## सफाई अभियान के बाद बदले से नजर आने लगे विद्यालय

प्रखर पिंडरा वाराणसी। वाराणसी जिले में मंगलवार को परिषदीय विद्यालयों में विशेष सफाई अभियान चला। जिसमे खण्ड शिक्षा अधिकारी से लेकर स्कूल के शिक्षक व कर्मचारी के अलावा सफाई कर्मी स्कूलों की सफाई करते दिखे। एक पखवाड़े बाद परिषदीय विद्यालय खुलने के बाद लगे गंदगी के अम्बार को देखते हुए बीएसए के निर्देश पर पिंडरा ब्लॉक के स्कूलों में अधिकारी से लेकर कर्मचारी सफाई करते दिखे। पिंडरा ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय रामपुर में सुबह ही पहुँचे खण्ड शिक्षा अधिकारी देवीप्रसाद दुबे अध्यापकों के साथ सफाई कार्य किया और शिक्षकों को निर्देश दिया। इसके अलावा प्राथमिक विद्यालय जमापुर में शिक्षकों द्वारा किये जा रहे सफाई कार्य को देख आवश्यक निर्देश दिए। मंगलवार को क्षेत्र के समस्त परिषदीय विद्यालयों में चले बृहद सफाई अभियान के बाद विद्यालय बदले बदले से नजर आने लगे।

## ठंड व कोहरे के डबल अटैक से कांपते रहे लोग



प्रखर खेतासराय (जौनपुर)। कड़ाके की ठंड से लोग बेहाल हैं। सर्दी का सितम लगातार जारी है। मंगलवार को भी ठंड से लोग कांपते नजर आए। सुबह खेतासराय इलाका घने कोहरे की चादर में लिपटा रहा। कोहरे के चलते सुबह नौ बजे तक वाहन चालकों को आवागमन में काफी मुश्किल हुई। सर्दी से बचने के लिए लोग अब अलाव का सहारा भी लेने लगे है। दोपहर तक कोहरा छटा लेकिन धूप नहीं निकली। इसके साथ बफीर्ली हवा चलने से लोग दिन में भी ठिठुरते नजर आए। न्यूनतम तापमान लुढ़क कर छह डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। जिले में दो हफ्ते से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। इसके साथ चलने वाली बफीर्ली हवाएं लोगों की परेशानी और बढ़ा रही हैं । ठंड के साथ घने कोहरे का प्रकोप जारी है। कोहरे से मंगलवार को भी निजात नहीं मिल सकी। सुबह से कोहरा फुहार बनकर बरस रहा था। इसके चलते सुबह वाहन चालकों को आवागमन में काफी परेशानी हुई। उन्हें हेडलाइट जलाकर चलना पड़ा। कोहरे के साथ कड़ाके की ठंड के चलते नगर की सड़कों पर सुबह देर तक सन्नाटा रहा। जरूरी काम से निकले लोग ठिठुरते नजर आए। उन्होंने ठंड से बचाव के लिए अलाव का सहारा लिया। पूरे दिन धूप नहीं निकली। मंगलवार को अधिकतम तापमान 17 डिग्री और न्यूनतम तापमान छह डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया । जमदहा निवासी अशोक बताते है कि ठण्ड से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया । दिन रात अलावा ही सहारा बना है।

## जनपद की 22 ग्राम पंचायतें होंगी टीबी मुक्त, स्वास्थ्य व पंचायती राज विभाग पूर्ण रूप से तैयार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान व राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त बनाए जाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी के मद्देनजर जनपद के 12 ब्लॉक की 22 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त ग्राम पंचायत बनाए जाने के लिए चिन्हित किया गया है। शासन से निर्धारित छह मानकों को पूरा कर प्रथम चरण में सभी 22 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त ग्राम पंचायत घोषित किया जाएगा। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ देश दीपक पाल ने दी। सीएमओ ने बताया कि राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत चिन्हित ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त ग्राम पंचायत बनाए जाने के लिए जनपद स्तरीय तीन सत्यापन समिति का गठन किया गया है। ब्लॉक स्तर पर गठित समितियों के द्वारा चिन्हित ग्राम पंचायतों एवं उनके आंकड़ों का भौतिक सत्यापन का कार्य पूर्ण किया जाएगा। इस अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाए जाने के लिए स्वास्थ्य एवं पंचायती राज विभाग पूर्ण रूप से तैयार व सक्रिय हैं। इस संबंध में मंगलवार को शासन स्तर से विभिन्न दिशा निर्देश प्राप्त हुये हैं, जिनको जिला पंचायती राज अधिकारी अंशुल कुमार मौर्य के सहयोग से पूरा किया जाएगा।




जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद के 12 ब्लॉक से 22 ग्राम पंचायतों क्रमशः रेवतीपुर से दशमंतपुर व सुगमालिया, कासिमाबाद से रोहिली व शक्करपुर, सादात से भीरभन व रानीपुर, बारचवार से पिहुली व कुबरी, मोहम्मदाबाद से करनपुरा, भांवरकोल से गोदीखास, करंडा से लीलापुर व सोनहरिया, बिरनों से माधोपुर व बल्लीपुर, देवकली से शिवदासीचक व लोनेपुर, सैदपुर से ईचवल व गौरी, मरदह से कंसहरी व कलवार, जमानिया से रामपुर सलेनपुर, करजही, जगदीशपुर व सरया को चिन्हित किया गया है। इस कार्य में पंचायती राज विभाग व अन्य विभागों का सहयोग लिया जाएगा।

एनटीईपी के जिला कार्यक्रम समन्वयक डॉ मिथलेश कुमार ने बताया कि जनपद स्तरीय सत्यापन टीम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी को अध्यक्ष एवं जिला क्षय रोग अधिकारीको सहयोजक नामित किया गया है। जनपद स्तरीय सत्यापन कमेटी में मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं उनके द्वारा नामित सदस्य जिला पंचायती राज अधिकारी एवं उनके द्वारा नामित सदस्य, जिला क्षय रोग अधिकारी, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के प्रतिनिधि, मेडिकल कॉलेज के कम्युनिटी मेडिसिन के प्रतिनिधि एवं अन्य विभागों के प्रतिनिधियों को सम्मिलित करते हुए टीम का गठन किया गया है।प्रत्येक टीम में दो जनपद स्तरीय अधिकारियों प्रथम सदस्य के रूप में चिकित्सा अधिकारी, आईएमएके प्रतिनिधि, मेडिकल कालेज के कम्युनिटी मेडिसिन के प्रतिनिधि, द्वितीय सदस्य के रूप में डीपीआरओ, एडीपीआरओ, उप डीपीआरओ एवं अन्य विभाग के प्रतिनिधि को सम्मिलित किया गया है। इसके अतिरिक्त प्रत्येक टीम को एनटीईपी के सदस्य फैसिलिटेटर के रूप में सहयोग प्रदान करेंगे। इन टीमों के द्वारा भौतिक सत्यापन किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### दयाशंकर मिश्र दयालु ने किया पौधरोपण

प्रखर वाराणसी। ग्रीन पीस नेचर फाउंडेशन के तत्वावधान में हर घर एक पौधा प्रभु श्रीराम के नाम मुहिम में आज मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर भारतेंदु हरिश्चंद्र पार्क मैदागिन में पौधारोपण का कार्य प्रदेश के आयुष मंत्री माननीय श्री दयाशंकर मिश्र दयालु के कर कमलों के द्वारा किया गया।अपने संबोधन में माननीय मंत्री जी ने ग्रीन पीस नेचर की मुहिम का स्वागत करते हुए संस्था के सदस्यों का साधुवाद किया और इस मुहिम का पूरा सहयोग करने की बात कही। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष आरिफ सिद्दीकी व संस्थापक राजेश कुशवाहा ने माननीय मंत्री जी का स्वागत व अभिनंदन किया।आज के कार्यक्रम में एक पौधा प्रभु श्री राम के नाम मुहिम में सर्वश्री अनूप सिंह, नीरज कुमार शुक्ला, विपिन पाठक, अमित कुमार शुक्ला,कौशल मिश्र,अभिलाष गुप्ता,दुर्गा पटेल,राहुल यादव आदि सहभागी बनें।कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर अजय मौर्य ने किया।

### अयोध्या श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा मे कांग्रेस के दिग्गज नेता बनेंगे साक्षी: विधायक वीरेन्द्र चौधरी



प्रखर पूर्वांचल महराजगंज ब्यूरो। जनपद महाराजगंज के फरेंदा विधानसभा क्षेत्र के वर्तमान कांग्रेस विधायक वीरेंद्र चौधरी ने कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचंद्र की जय। अयोध्या का भगवान श्री राम मंदिर हिंदू समाज के श्रद्धा एवं विश्वास का प्रतीक है इसके साथ राजनीति करना हमारी आस्था एवं विश्वास के साथ खिलवाड़ है। रामलला की पावन भूमि पर मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर अयोध्या धाम के नया घाट पर कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल के साथ नागेश्वर महादेव का दर्शन कर प्रेस कांफ्रेंस कर कहा। इस शुभ अवसर पर कांग्रेस महासचिव/प्रभारी अविनाश पाण्डेय, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, CLP लीडर आराधना मिश्रा मोना, सांसद दीपेंद्र हुड्डा , राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर, सत्यनारायण पटेल, राष्ट्रीय प्रवक्ता/नेशनल चेयरपर्सन, सोशल मीडिया विभाग सुप्रिया श्रीनेत जी व राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे समेत अनेकों कांग्रेसजन इस ऐतिसाहिक सुअवसर के साक्षी बन रहे हैं।

### पत्रक व अक्षत बांट अयोध्या का दिया न्योता



प्रखर सहजनवां, गोरखपुर। तहसील अंतर्गत विकासखंड पिपरौली क्षेत्र में अर्जुन शर्मा सहसंयोजक प्रखंड बजरंग दल के नेतृत्व में श्री राम जन्मभूमि अयोध्या धाम से आया हुआ पूजित अक्षत मंदिर का चित्र व पत्रक घर घर में देकर अयोध्या जाने का न्योता दिया । पत्र के माध्यम से लोगों से निवेदन किया कि प्राण प्रतिष्ठा के दिन दीपावली की तरह अपने घरों व मंदिरों को दीप मालाओं से सजाकर भजन कीर्तन प्रसाद के साथ वितरण करें 22 जनवरी के बाद समय निकाल कर अयोध्या धाम जाकर प्रभु श्री राम के बाल स्वरूप के विग्रह का दर्शन कर उनकी कृपा प्राप्त करें ।

### सनातन मानव सेवा समिति के द्वारा वितरण किया गया कंबल



प्रखर जौनपुर। सिरकोनी क्षेत्र के बीरभानपुर गांव के मुसहर बस्ती में मंगलवार को सनातन मानव सेवा समिति ने कंबल वितरित किया। कम्बल वितरण कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे। कम्बल वितरण के पश्चात संस्था के अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने कहा कि गरीबों तथा जरुतमंदो के लिए कार्य करना काफी संतोषप्रद होता है। उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार दुबे ने कहा कि यह संस्थाएं ठंड में कम्बल वितरण के अलावा गरीबों के बेटियों की शादी ,उपचार तथा खाद्यान्न में भी काफी मदद करती है। प्रबन्धक रणविजय सिंह ने कहा कि ठंड में सिकुड़ रहे गरीबों को कम्बल मिलने से काफी राहत मिलेगी। कार्यक्रम में संस्था ने निषादराज पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रेम नारायण निषाद , पत्रकार कृपा शंकर यादव,पत्रकार अंकित श्रीवास्तव ललित कुमार आनंद मिश्रा गुड्डू यादव के हाथों भी कम्बल वितरित कराया। कम्बल मिलते ही गरीबों के चेहरे पर काफी खुशी रही। संस्था के उपप्रबन्धक विवेक सिंह व सदस्य राकेश दुबे ने कहा कि हमारी सोच सदा गरीबों के हित में रहती है। हम मदद देने का काम सदैव करते रहेंगे।

### राजेश्वर महादेव डिग्री कालेज में स्मार्ट फोन योजना के तहत 323 विद्यार्थियों को मिले स्मार्ट फोन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। विकास खण्ड भावरकोल क्षेत्र के अराजी बुढ़ैला पाण्डेय का पूरा अमरुपुर राजेश्वर महादेव डिग्री कॉलेज में प्रदेश सरकार की स्मार्ट फोन योजना के तहत बीए, बीएड के 323 छात्र-छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरित किये गये। स्मार्ट फोन पाकर विद्यार्थी काफी प्रसन्न नजर आए। कालेज परिसर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि व दीप प्रज्वलन कर किया गया। उसके बाद बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। उसके बाद समारोह में बतौर मुख्य अतिथि नायब तहसीलदार विपिन चौरसिया ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजनान्तर्गत छात्र-छात्राओं को प्रदेश भर में स्मार्ट फोन वितरण का सराहनीय कार्य हो रहा है। स्मार्ट फोन विविध ज्ञान का स्त्रोत तथा उपयोगी ज्ञानार्जन का साधन है। आज मोबाइल फोन समय की आवश्यकता है। इसके बिना इसका उपयोग करने वाले लोगों को अपना जीवन अधूरा सा लगता है। वर्तमान परिवेश में स्मार्ट फोन जीवन का एक बहुत ही उपयोगी, आवश्यक और अभिन्न अंग बन गया है। डिजिटल भारत मानवता के उत्थान का रास्ता है। विद्यालय प्रबंध निदेशक रामजी पांडेय ने छात्रों से आह्वान किया कि स्मार्टफोन का सदुपयोग कर अपनी शिक्षा को बेहतर बनाएं इस मौके पर राहुल पांडेय, अखिलेश सिंह ,अमितेश मिश्रा, विवेकानंद सिंह, मृत्युंजय राय सौहार्द फेलो, प्राचार्य देवेंद्र कुमार शुक्ला, अरुण उपाध्याय, विपिन राय, प्रेमचंद यादव, नितिन, अतुल एवं छात्र-छात्राएंआदि मौजूद रहे। अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि दुर्गा प्रसाद राय तथा संचालन अरविंद पांडेय ने किया।



# नीति आयोग की रिपोर्ट: 9 साल में 24.8 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले

## यूपी में सबसे ज्यादा 5.94 करोड़ लोगों को फायदा, टॉप-4 में बिहार-मध्यप्रदेश भी

**नई दिल्ली।** भारत में पिछले 9 सालों में 24.8 करोड़ गरीबी से बाहर निकले हैं। इसमें सबसे ज्यादा 5.94 करोड़ उप्र के हैं। उसके बाद बिहार में 3.77 करोड़, मप्र में 2.30 करोड़ और राजस्थान में 1.87 करोड़ लोगों की गरीबी के स्तर में सुधार हुआ।

नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में गरीबी दर 2013-14 में 29.17 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 11.28 प्रतिशत रह गई है। यानी कि पिछले 9 सालों में 17.89 प्रतिशत की कमी आई। गरीबी में सुधार का आंकलन बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य और जीवनशैली जैसे मानदंडों के आधार पर किया गया है। जिसमें बाल पोषण, मृत्यु दर, मातृ स्वास्थ्य, स्कूली शिक्षा, स्कूल में उपस्थिति, खाना पकाने का ईंधन, स्वच्छता, पीने का पानी, बिजली, घर, संपत्ति और बैंक अकाउंट जैसे फैक्टर शामिल होते हैं।

**गरीबी में गिरावट की गति चार प्रतिशत ज्यादा :** 2015-16 से 2019-21 के बीच गरीबी में गिरावट की गति 10.66 प्रतिशत रही, जोकि 2005-06 से 2015-16 की तुलना (7.69 प्रतिशत) में बहुत तेज थी।

आंकड़ों पर नजर डालें, तो एमपीआई (मल्टीडाइमेंशिनल पोवर्टी इंडेक्स) के सभी 12 इंडिकेटर में महत्वपूर्ण सुधार देखने को मिला है। पोषण अभियान और एनीमिया मुक्त भारत जैसी पहलों ने स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच में उल्लेखनीय वृद्धि की है।

### केंद्र सरकार की 5 योजनाएं, जिनसे पहुंचा आम जनता को लाभ

**प्रधानमंत्री उज्वला योजना :** पीएम उज्वला योजना की शुरुआत 1 मई 2016 को हुई थी। 10 करोड़ लोगों को इसका लाभ मिल चुका है। इस योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को मुफ्त में गैस कनेक्शन दिया जाता है। साथ ही कनेक्शन लेने पर 1600 रु. की आर्थिक सहायता भी दी जाती है। ताकि वे गैस कनेक्शन से जुड़ी अन्य जरुरी चीजें भी खरीद लें।

**प्रधानमंत्री जन धन योजना:** इस योजना की शुरुआत 28 अगस्त 2014 को हुई थी। लगभग 100 फीसदी परिवारों को इस सुविधा के तहत लाया जा चुका है। खोले गए खातों में से 60 फीसदी खाते ग्रामीण क्षेत्रों में और 40 फीसदी खाते शहरी क्षेत्रों में खोले गए हैं। जनधन की वेबसाइट के अनुसार 51. 42 करोड़ अकाउंट होल्डर हैं। और उनके खातों में 2 लाख करोड़ रुपए जमा हैं।

**प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना:** प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना को 2020 में शुरू किया गया था। अब इसे 2029 तक बढ़ा दिया गया है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत देश की करीब 81.35 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज दिया जाता है। इस योजना में परिवार के हर सदस्य को 5 किलो गेहूं या चावल हर महीने मिलता है साथ ही एक किलोग्राम साबुत चना दिया जाता है।

**प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना:** केंद्र की प्रमुख स्वास्थ्य बीमा योजना आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 30 करोड़ आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। इसके जरिए भारत के नागरिक अपना 5 लाख तक का इलाज फ्री में करा सकते हैं। इस योजना की शुरुआत 25 सितंबर, 2018 को हुई थी।

**जल जीवन मिशन :** इस योजना की शुरुआत 15 अगस्त 2019 को हुई थी। 2024 तक देश के सभी गांवों में हर घर तक नल से जल पहुंचाने का लक्ष्य है। अब तक 14 करोड़ घरों तक कनेक्शन पहुंचाया जा चुका है। कुल 19 करोड़ घरों तक यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।



## मकर संक्रांति: लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**प्रयागराज।** सोमवार को माघ के प्रथम महत्वपूर्ण स्नान मकर संक्रांति के पावन अवसर व माघ मेला के प्रथम मुख्य स्नान पर्व पर सायं 08 :00 बजे तक लगभग 21 लाख स्नानार्थियों व श्रद्धालुओं ने गंगा, यमुना एवं अदृश्य सरस्वती के पवित्र संगम तट तथा गंगा जी के तट पर बनाए गए विभिन्न घाटों पर आस्था की डुबकी लगाई एवं पुण्य लाभ अर्जित किया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके दृष्टिगत सभी वरिष्ठ अफसरों ने मेला क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित कराई। माघ मेला क्षेत्र में साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने हेतु सफाई कर्मियों की पर्याप्त संख्या में ड्यूटी लगाई गई है। मैदानी अफसरों व प्रशासकीय अफसरों ने इसे महाकुंभ 2025 की ड्रील के तौर पर देखा जा रहा है, जिससे सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाएं काफी मजबूत है। मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत, पुलिस आयुक्त रमित शर्मा, कुंभ मेलाधिकारी विजय किरण आनन्द, पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक माघ मेला डॉ. राजीव नारायण मिश्र, जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल, प्रभारी अधिकारी माघ मेला दयानन्द प्रसाद, व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे।

## सारे तीरथ बार-बार गंगासागर एक बार



गंगासागर में लाखों ने किया पुण्य स्नान

**सागर द्वीप।** मकर संक्रांति के अवसर पर पश्चिम बंगाल के गंगासागर में में एकत्र हुए हजारों तीर्थयात्रियों ने सोमवार को गंगा और बंगाल की खाड़ी के संगम में पवित्र स्नान किया। यहां गंगासागर मेला लगा हुआ है।आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि भीषण ठंड और कोहरे के बावजूद हजारों तीर्थयात्री गंगा स्नान के लिए एकत्रित हुए। सैकड़ों साधुओं और संन्यासियों के पवित्र डुबकी लगाने के बाद आम भक्तों ने आधी रात के बाद से कई चरणों में स्नान किया। सूर्य देव को जल अर्पित करने के बाद भक्त सीधे कपिल मुनि आश्रम मंदिर की ओर चल दिए और अगरबत्ती, पारंपरिक नारियल और चीनी से बने नकुल दाने से पूजा की।

### भारत जोड़ो न्याय यात्रा का दूसरा दिन

# राहुल ने इम्फाल वेस्ट से यात्रा शुरू की, रात को नगालैंड पहुंचे, दो दिन में 257 किमी चले

● इम्फाल

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का आज 15 जनवरी को दूसरा दिन था। राहुल ने सुबह इम्फाल वेस्ट के सेकमई से यात्रा शुरू की। यात्रा सोमवार रात नगालैंड पहुंची। राहुल अपनी पार्टी के सहयोगियों के साथ मणिपुर की सीमा से लगे कोहिमा जिले के खुजामा गांव पहुंचे। वे रात्रि विश्राम के लिए गांव में पहुंचे।

खुजामा में लोगों ने यात्रा का स्वागत किया। राज्य कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष खीदी थेनुओ ने कहा कि राहुल यहां नगा आदिवासी संगठनों, नगा होहो, नागरिक समाज समूहों और चर्च के प्रतिनिधियों के साथ उनकी समस्याओं पर बंद कमरे में चर्चा की। राहुल नगालैंड में पांच जिलों - कोहिमा, त्सेमिन्यु, वोखा, जुन्हेबोटो और मोकोकचुंग से गुजरेंगे और रैलियां की। सोमवार को राहुल ने सुबह सेकमाई से अपनी वोल्वो बस में रवाना हुए। राहुल पारंपरिक मणिपुरी जैकेट के साथ अपनी ट्रेडमार्क सफेद टी-शर्ट और पतलून पहने थे। भीड़ से बात करने और उनकी समस्याओं पर चर्चा करने के लिए राहुल यात्रा मार्ग पर कई बार बस से उतरे। उन्होंने लोगों के साथ सेल्फी ली और पारंपरिक नृत्य प्रदर्शन भी देखा। वे मैतेई और कुकी दोनों समुदायों के इलाकों से गुजरे। गांधी ने कांगपोकपी जिले की भी यात्रा की जहां पिछले साल मई में दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाया गया था। जिससे देशभर में गुस्सा फैल गया था। राहुल की बस के यात्रा मार्ग पर कई लोग कतार में खड़े थे, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे और उन्होंने गांधी के समर्थन में नारेबाजी की। राहुल गांधी की बस में कुछ बच्चे पोस्टर लेकर पहुंचे। इनमें लिखा था- अंकल राहुल, हम आपके साथ पैदल चलना चाहते हैं।



यात्रा के दौरान राहुल ने मणिपुर के एक पारंपरिक आयोजन में भी हिस्सा लिया। राहुल की यात्रा में पारंपरिक वेशभूषा में आदिवासी समुदाय के लोग भी जुटे। राहुल की यात्रा को क्षेत्र में जबर्दस्त उत्साह के सम्मिलित हो रहे हैं।

### राहुल का पीएम पर निशाना, बोले-हम चाहते हैं मणिपुर में शांति लौटे

राहुल की यात्रा शुरुआती दो दिन में 257 किमी का सफर कर 5 जिलों को कवर किया। लोगों को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि पिछले साल हमने कन्याकुमारी से कश्मीर तक यात्रा शुरू की थी। इसका मकसद देशभर के लोगों को साथ लाना था। हम एक यात्रा देश के पूर्वी हिस्से से पश्चिम तक करना चाहते थे। इसे हमने मणिपुर से शुरू करने का फैसला लिया। हम भारत के लोगों को बताना चाहते थे कि मणिपुर के लोग किस तकलीफ से जूझ रहे हैं। मैं जानता हूं कि आप किस त्रासदी से गुजर रहे हैं। आपने कई अपनों को खोया है। संपत्ति का नुकसान हुआ। मैं आपके साथ हूं। हम चाहते हैं कि मणिपुर में शांति लौटे। यात्रा से पहले राहुल गांधी ने एक सभा को संबोधित करते हुए कहा- चुनाव में ज्यादा समय नहीं बचा। इसलिए पैदल के साथ-साथ बस यात्रा का फैसला किया। सवाल उठा कि यात्रा कहां से शुरू करें, किसी ने कहा वेस्ट से करो, किसी ने ईस्ट बताया। मैंने साफ कहा- अगली भारत जोड़ो यात्रा सिर्फ मणिपुर से शुरू हो सकती है। मणिपुर में भाजपा की नफरत की राजनीति है।

### पहले पति के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंचीं इमरान की पत्नी

**इस्लामाबाद।** पाक के पूर्व पीम इमरान खान अब तीसरी शादी को लेकर भी कानूनी मामले में उलझते नजर आ रहे हैं। इमरान की पत्नी बुशरा बीबी ने इस्लामाबाद हाईकोर्ट में एक पिटीशन दायर की। इसमें कहा- इमरान से मेरी शादी को गैर कानूनी या गैर इस्लामी घोषित न किया जाए। दरअसल, दो माह पूर्व बुशरा के पहले पति खावर मानेका ने पहली पत्नी के खिलाफ खिलाफ दायर अपील में कहा था कि इनकी शादी न सिर्फ गैर कानूनी है, बल्कि गैर इस्लामी भी है।

### अमित शाह की बड़ी बहन का मुंबई में निधन

**मुंबई।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की बड़ी बहन राजेश्वरी प्रदीप शाह का मुंबई के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया है। वह 65 वर्ष की थीं। पार्टी सूत्रों ने सोमवार को बताया कि राजेश्वरीबेन को हाल ही में अहमदाबाद अस्पताल में फेफड़े के प्रत्यारोपण के बाद डॉक्टरों ने मुंबई के एचएन रिलायंस फाउंडेशन अस्पताल में स्थानांतरित किया था, जहां इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। श्री शाह ने पिछले सप्ताह दक्षिण मुंबई स्थित इस अस्पताल में उनसे मुलाकात की थी। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने भी उनसे मुलाकात की थी।

## भारतीय सेना घुसपैठ की हर कोशिश को करेगी नाकाम : सेनाध्यक्ष मनोज पांडे

**लखनऊ।** थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने सोमवार को कहा कि घुसपैठ की लगातार कोशिशों से यह साफ हो गया है कि सीमा पार आतंकवादी बुनियादी ढांचे अभी भी मौजूद हैं लेकिन भारतीय सेना हर चुनौती का मुंहतोड़ जवाब देने के लिये तैयार है।

76वीं सेना दिवस परेड के मौके पर उन्होने कहा कि जम्मू-कश्मीर में हमारी पश्चिमी सीमाओं पर स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन घुसपैठ की लगातार कोशिशों से यह स्पष्ट हो गया है कि सीमा पार आतंकी बुनियादी ढांचे अभी भी मौजूद हैं। भारतीय सेना अच्छी तरह से प्रशिक्षित और युद्ध के लिए तैयार है, और एक स्थिर और सुरक्षित वातावरण स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है जो देश के विकास मेंआवश्यक है। सैन्य शक्ति पर प्रकाश डालते हुए उन्होने भारतीय सेना को भविष्य के लिए तैयार, प्रौद्योगिकी संचालित, घातक और चुस्त बल में बदलने के प्रयासों का भी प्रदर्शन किया। सेना के जवानों ने हर क्षेत्र में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया है, चाहे वह हमारी सीमाओं की रक्षा करना हो, आतंकवाद विरोधी अभियान हो या मानवीय और आपदा राहत अभियान हो।



76वां सेना दिवस

### सशस्त्र बलों की मजबूती,सैनिकों का कल्याण सरकार का संकल्प : राजनाथ

**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह** ने सोमवार को कहा कि उनकी सरकार सशस्त्र बलों की मजबूती और सेवारत सैनिकों के साथ ही पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सेना, नौसेना और वायु सेना दिवस को दिल्ली के बाहर मनाने का विचार देश की परंपरा और सैन्य प्रगति को लोगों तक ले जाना है। हमारी सेना नए नवाचारों के माध्यम से सकारात्मक बदलाव लाने के साथ-साथ परंपरा पर भी ध्यान केंद्रित करती है। उन्होंने संकल्प दोहराते हुए कहा कि वित्त मंत्रालय बिना किसी हिचकिचाहट के रक्षा मंत्रालय द्वारा मांगी गई धनराशि जारी करता है, जो सैनिकों के प्रति सरकार के समर्पण का प्रतीक है।

### पाक में 400 रु. दर्जन अंडे, प्याज 250 रु. में मिल रहा

**इस्लामाबाद।** पाक में 8 फरवरी को होने वाले आम चुनाव से पहले महंगाई आसमान छू रही है। लाहौर में एक दर्जन अंडों की कीमत 400 पाकिस्तानी रुपए (पीकेआर) हो चुकी है। वहीं प्याज 250 रुपए किलो बिक रही है। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि प्रशासन सरकारी दामों को लागू करने में फेल रहा है। सरकार ने प्याज की कीमत 175 पाक रुपए प्रति किलो तय की हुई है, लेकिन बाजार में यह लगभग 100 रुपए ज्यादा की कीमत पर बिक रही है। चिकन भी 615 रुपए प्रति किलो मिल रहा है। इन हालत के बीच पाकिस्तान की इकोनॉमिक कोर्डिनेशन कमेटी ने वहां की नेशनल प्राइस मॉनिटरिंग कमेटी को निर्देश दिए हैं कि वे लोकल प्रशासन से रोजमर्रा की चीजों के दाम कंट्रोल कराने में मदद करे। पाकिस्तान में महंगाई के ये आंकड़े उस वक्त आ रहे हैं जब उस पर कुल कर्ज बढ़कर 63.39 लाख करोड़ पीकेआर हो गया है।

## जम्मू-कश्मीर, हिमाचल, उत्तराखंड समेत 17 राज्यों में छाया रहा कोहरा

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड के साथ देश के 17 राज्यों में सोमवार (15 जनवरी) की सुबह कोहरे के साथ हुई। दिल्ली में सीजन का सबसे ठंडा दिन रहा, तापमान 3.1 डिग्री दर्ज किया गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कोहरे के कारण दिल्ली में 168 से ज्यादा फ्लाइट्स लेट हुईं, 84 फ्लाइट्स कैंसिल कर दी गई। 10 फ्लाइट के रूट बदलकर जयपुर, गोवा डाइवर्ट किया गया। दिल्ली एयरपोर्ट ने यात्रियों को एडवाइजरी जारी कर एयरलाइन कंपनी से उनकी फ्लाइट के बारे लगातार अपडेट लेते रहने का कहा है। इधर, दिल्ली आने वालीं 18 ट्रेन देरी से चल रही हैं।

राजधानी में सोमवार से स्कूल फिर खुले, लेकिन इनका समय सुबह 9 बजे रखा गया है। मौसम विभाग के मुताबिक, मप्र में 20 जनवरी तक कड़ाके की ठंड नहीं पड़ेगी। उत्तर भारत में 16 जनवरी से वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव हो रहा है। इसका असर 18 जनवरी तक रहने का अनुमान है। डिस्टरबेंस के गुजरने के बाद प्रदेश में कड़ाके की ठंड का दौर शुरू होगा। उत्तर प्रदेश के 32 जिलों में कोहरा और 25 जिलों में शीतलहर का असर है। मौसम विभाग के मुताबिक, 18 जनवरी के बाद कोहरे में कमी का अनुमान है। मेरठ में मिनिमम टेम्परेचर 2.9 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।



कड़कड़ाती ठंड का अहसास

शोपियां में सोमवार को कड़ाके की ठंड में जमे झरने के सामने सेल्फी लेता एक व्यक्ति।

इधर, बिहार में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। 38 जिलों में शीतलहर का असर है, जो 16 जनवरी तक बना रहेगा। पटना में 16 जनवरी तक 8वीं तक के स्कूलों की छुट्टी कर दी गई है।

### 17 राज्यों में कोहरे का अलर्ट

मौसम विभाग के मुताबिक, 17 राज्यों में कोहरे का अलर्ट है। 4 राज्यों में कोहरे का रेड अलर्ट है, जिनमें पंजाब, दिल्ली, हरियाणा और यूपी शामिल हैं। मध्य प्रदेश में अगले 5-6 दिन यानी, 20 जनवरी तक कड़ाके की ठंड पड़ने का अनुमान नहीं है। ऐसा वेस्टर्न डिस्टरबेंस की वजह से होगा, जो 16 जनवरी से उत्तर भारत में एक्टिव हो रहा है। अगले 1-2 दिन में सिस्टम का प्रदेश में भी असर होगा।

### आज का इतिहास

- 1556: फिलिप द्वितीय स्पेन के सम्राट
- 1581: ब्रिटिश संसद से रोमन कैथोलिक मत को गैर कानूनी घोषित।
- 1681: महाराष्ट्र के रायगढ़ किले में क्षत्रपति शिवाजी के पुत्र संभाजी का भव्य राज्याभिषेक हुआ।
- 1761: अंग्रेजों ने पांडिचेरी से फ्राँसीसियों का अधिकार छीना।
- 1769: कलकत्ता (अब कोलकाता) के अकरा में पहली बार सुनियोजित घुड़दौड़ का आयोजन किया गया।
- 1920: 'लीग ऑफनेशंस' ने पेरिस में अपनी पहली काउंसिल मीटिंग की।
- 1943: इंडोनेशिया के अंबोन द्वीप पर यूएस वायुसेना का हवाई हमला।
- 1947: विसेंट ऑरियल फ्रांस के राष्ट्रपति चुने गये।

### महिला सीईओ की पुलिस कस्टडी पांच दिन बढ़ी

**पणजी।** गोवा में 4 साल के बेटे की हत्या के मामले में जेल में बंद स्टार्टअप कंपनी की सीईओ रही सूचना सेठ की पुलिस कस्टडी 5 दिन बढ़ा दी गई है। गोवा की कैलंगुट पुलिस की मांग पर पणजी की एक कोर्ट ने महिला की कस्टडी बढ़ाई है।

कैलंगुट पुलिस ने हत्या के मामले को सिलसिलेवार समझने और ज्यादा सबूत जुटाने के लिए यह कस्टडी मांगी है। इसके अलावा बम्बोलिम में गोवा मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में उनके पति वेंकट रमन का डीएनए टेस्ट भी पुलिस ने तय कर रखा है। इससे पहले 13 जनवरी को कैलंगुट पुलिस स्टेशन में सूचना सेठ और उसके पति वेंकट रमन का आमना-सामना हुआ। पुलिस ने दोनों को एक-साथ बैठाकर पूछताछ की। 15 मिनट की पूछताछ में पति-पत्नी के बीच जमकर बहस हुई। इस दौरान पति रमन ने पूछा- बेटे को क्यों मारा? इस पर सूचना ने कहा मैंने उसे नहीं मारा, सब तुम्हारी वजह से हुआ।

## सिंधिया बोले-मेरे पूर्वज लाहौर से लाए थे सोमनाथ मंदिर का दरवाजा

**पानीपत।** हरियाणा के पानीपत आए केंद्रीय नागरिक उड्डयन व स्टील मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि इस जगह से उनका भावनात्मक संबंध है। क्योंकि केवल उनके पूर्वज ही नहीं, बल्कि 60 हजार से अधिक मराठा विदेशी आक्रांताओं के खिलाफ चट्टान की तरह खड़े रहे और प्राण जाए पर वचन न जाए, इस विचार से उन्होंने अपने प्राण की आहुति दी।



केंद्रीय मंत्री ने कहा, शिवाजी महाराज ने 12 वर्ष की उम्र में प्रण लिया था न रुकने न झुकने का। जब तक एक एक विदेशी आक्रांताओं को देश से निकाल न फेंकेंगे। उन्होंने कहा की सिंधियाओं ने धार्मिक स्थलों की दोबारा स्थापना करने का काम किया। गुजरात के सोमनाथ मंदिर के द्वार विदेशी आक्रांता इल्तुमिश लाहौर ले गए तो लाहौर से दरवाजे को वापस लाने का काम महादजी महाराज ने किया। महादजी के वंशज बैजाबाई महारानी अहिल्या बाई होलकर जी ने वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर को पुनर्स्थापना करने का कार्य किया। भारत की संस्कृति को उजागर करने का काम मराठाओं ने किया। ज्योतिरादित्य सिंधिया पानीपत में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले कार्यक्रम पानीपत शौर्य दिवस में शामिल होने पहुंचे। यहां सर्वप्रथम उन्होंने शौर्य स्मारक तीर्थ धाम काला आंब में सिंधिया व मराठा योद्धाओं को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

## आईएमएफ चीफ बोलीं-एआई से 40 फीसदी नौकरियां जाने का खतरा

### 2024 मुश्किल, चुनाव की वजह से देशों पर कर्ज बढ़ेगा

**वॉशिंगटन।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष यानी आईएमफ की प्रमुख क्रिस्टलीना जॉर्जीवा का कहना है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस दुनियाभर में जॉब सिक्योरिटी के लिए खतरनाक साबित होगा।

स्विट्जरलैंड के दावोस में सोमवार से शुरू हुई वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) की सालाना बैठक में शामिल होने से पहले आईएमएफ चीफ जॉर्जीवा ने कहा-एआई से विकसित देशों की 60 फीसदी नौकरियां खतरे में आ जाएंगी। यह जॉब सिक्योरिटी के लिहाज से भी खतरनाक साबित होगा। हालांकि, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रोडक्टिविटी बढ़ाने के लिए मौके पैदा करेगा। आईएमएफ की एक नई रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने कहा- विकासशील देशों में एआई का प्रभाव कम हो सकता है, लेकिन वैश्विक स्तर पर 40 फीसदी नौकरियों पर एआई का असर पड़ सकता है। वहीं, उन्होंने 2024 के लिए दुनिया को चेताया है।

2024 दुनियाभर की अर्थव्यवस्था के लिए मुश्किल साल हो सकता है। दुनिया कोरोना के वक्त लिए गए कर्ज के जाल से अभी तक नहीं निकल पाई है। वहीं इस साल दुनिया में 60 से ज्यादा देशों में चुनाव हैं। ऐसे में सरकारें लोगों को लुभाने के लिए पैसे खर्च करेंगी, इससे देशों पर कर्ज और बढ़ेगा। 14 जनवरी को आईएमएफ की नई रिपोर्ट पब्लिश हुई जिसमें कहा गया कि छोटे देशों की मदद करनी होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### ज्वेलरी के तीन नए शोरूम

नई दिल्ली। कल्याण ज्वैलर्स इस महीने बिहार में तीन शोरूम खोलेगी। केरल स्थित कंपनी की ओर से जारी बयान के अनुसार, नए शोरूम बक्सर, हाजीपुर और पूर्णिया में खोले जाएंगे। इससे बिहार में उसके शोरूम की संख्या 13 हो जाएगी। कल्याण ज्वैलर्स के कार्यकारी निदेशक रमेश कल्याण रमण ने कहा कि इस बाजार में जबरदस्त संभावनाएं हैं। नए शोरूम खुलने से क्षेत्र में कंपनी की उपस्थिति और मजबूत होगी।

### ई बुलियन की नई योजना

मुंबई। ई बुलियन ने अपने प्लेटफार्म पर डिजिटल प्लैटिनम और पैलेडियम गिफ्टिंग विकल्प को लांच किया है। यह तोहफा देने का एक अनूठा विकल्प है। अब यूजर्स न्यूनतम 100 रुपये से निवेश शुरू कर अपने दोस्तों और परिवार को प्लेटिनम और पैलेडियम तोहफे में दे सकते हैं। ई बुलियन के जरिए यूजर चांदी और सोने के अलावा प्लेटिनम और पैलेडियम में आसानी से निवेश कर सकते हैं और इसे उपहार में दे सकते हैं। यह जानकारी बिजनेस ऑपरेशंस प्रमुख राजीव रंजन ने दी।

### अवाडा समूह निवेश करेगा

नई दिल्ली। अवाडा समूह ने गुजरात में 6,000 मेगावाट की हाइब्रिड पवन-सौर परियोजनाएं विकसित करने के लिए 40,000 करोड़ रुपये के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है। कंपनी की ओर से जारी बयान के अनुसार, 10 से 12 जनवरी तक गांधीनगर में आयोजित वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन-2024 के दौरान राज्य के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल की उपस्थिति में अवाडा समूह ने गुजरात सरकार के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

### फॉक्सवैगन की बिक्री बढ़ी

मुंबई। यूरोपीय वाहन कंपनी फॉक्सवैगन ग्रुप की भारत में बिक्री बीते साल यानी 2023 में सालाना आधार पर करीब आठ प्रतिशत बढ़कर 145,713 इकाई हो गई। कंपनी की ओर से सोमवार को जारी बयान के अनुसार, इसमें से 101,465 इकाइयां घरेलू बाजार में बेची गईं, जबकि 44,248 वाहनों का निर्यात किया गया। कंपनी ने 2022 की जनवरी-दिसंबर अवधि में 1,34,667 कार बेची थीं।(एजेंसियां)

# फ्यूचर पॉसिबिलिटीज इंडेक्स में भारत 35वें पायदान पर

■ दावोस में जारी न्यूजवीक की रिपोर्ट में ब्रिटेन शीर्ष पर ■ टॉप-5 में डेनमार्क, अमेरिका, नीदरलैंड और जर्मनी भी

**दावोस (भाषा)।**

भविष्य की संभावनाओं का लाभ उठाने के लिए सर्वश्रेष्ठ देशों के वैश्विक सूचकांक में भारत को 35वां स्थान दिया गया है, जबकि इस सूची में ब्रिटेन शीर्ष पर है।

विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक से इतर न्यूजवीक वैंटेज और होराइजन समूह ने सोमवार को फ्यूचर पॉसिबिलिटीज इंडेक्स (एफपीआई) जारी किया। शीर्ष पांच में ब्रिटेन के बाद डेनमार्क, अमेरिका, नीदरलैंड और जर्मनी हैं। बड़े उभरते बाजारों में चीन इस साल 19वें स्थान पर है। वहीं ब्राजील 30वें, भारत 35वें और दक्षिण अफ्रीका 50वें स्थान पर रहा।

अध्ययन में उन कारकों की तुलना की गई जो सरकारों, निवेशकों तथा अन्य निजी क्षेत्र के हितधारकों को 70 देशों में वृद्धि और कल्याण के लिए छह वैश्विक परिवर्तनकारी रुझानों का लाभ उठाने में मदद करेंगे। एक्साबाइट इकोनॉमी (उन्नत डिजिटल प्रौद्योगिकियां), वेलबीइंग इकोनॉमी (स्वास्थ्य रोकथाम व कल्याण), नेट जीरो इकोनॉमी (कार्बन उत्सर्जन में कमी), सर्कुलर इकोनॉमी (पुनर्चक्रण व पुनः उपयोग), बायोग्रोथ इकोनॉमी (खाद्य व कृषि नवाचार) और एक्सपीरियंस इकोनॉमी (भौतिक वस्तुओं के बजाय अनुभवों की खपत) ये छह वैश्विक परिवर्तनकारी रुझान हैं।

**शीर्ष दस देश**

| देश | स्कोर |
|---|---|
| ब्रिटेन | 72.06 |
| डेनमार्क | 71.28 |
| अमेरिका | 71.23 |
| नीदरलैंड | 70.86 |
| जर्मनी | 70.77 |
| कोरिया रि. | 70.46 |
| जापान | 69.88 |
| स्वीडन | 69.70 |
| स्विट्जरलैंड | 69.52 |
| फ्रांस | 69.43 |



अध्ययन में कहा गया कि सभी छह रुझानों में 2030 तक संयुक्त रूप से 44000 अरब अमेरिकी डालर से अधिक की व्यापार संभावनाओं का अनुमान है, जो 2023 में वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का 40 प्रतिशत से अधिक है। अध्ययन में मान्यता प्राप्त अंतरराष्ट्रीय संगठनों के आंकड़ों के साथ-साथ फ्रोनेसिस पार्टनर्स द्वारा परियोजना के लिए किए गए 5,000 व्यावसायिक अधिकारियों के सर्वेक्षण का इस्तेमाल किया गया।

दावोस में जारी इस रिपोर्ट के अनुसार, इन अवसरों से आर्थिक वृद्धि और व्यापक सामाजिक भलाई के मामले में 'ग्लोबल साउथ' की तुलना में 'ग्लोबल नोर्थ' को अधिक लाभ होने की संभावना है।

## यूपी में 500 ई-तिपहिया तैनात करेगी ईटीओ मोटर्स

**नई दिल्ली (भाषा)।**

ईटीओ मोटर्स को उत्तर प्रदेश में 500 इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहन तैनात करने का ठेका मिला है। इसमें अयोध्या में विशेष तैनाती की जाएगी।

ईटीओ मोटर्स की ओर से जारी बयान के अनुसार, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दिए गए लेटर ऑफ अवार्ड (एलओए) ने कंपनी को लखनऊ, अयोध्या, वाराणसी, प्रयागराज, आगरा, मथुरा और गोरखपुर में इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर्स को तैनात करने और प्रबंधित करने की जिम्मेदारी दी है। बयान में कहा गया कि ईटीओ मोटर्स को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर अयोध्या पर विशेष ध्यान देने के साथ तैनाती शुरू करने के लिए प्राधिकरण प्राप्त हुआ है।

# सेंसेक्स पहली बार 73,000 के पार

■ निफ्टी ने भी पार किया 22 हजार का स्तर

**सेंसेक्स 73328 (+759)**

**निफ्टी 22097 (+203)**

**मुंबई (भाषा)।** सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों, रिलायंस और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में जोरदार लिवाली से स्थानीय शेयर बाजारों ने सोमवार को भी रिकार्डतोड़ प्रदर्शन जारी रखा। तेजी के सिलसिले के बीच सेंसेक्स पहली बार 73,000 अंक के स्तर से ऊपर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 22,000 अंक के स्तर को पार कर गया।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स लगातार पांचवें सत्र में बढ़त में रहा और 759.49 अंक यानी 1.05 प्रतिशत उछलकर 73,327.94 के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। दिन में कारोबार के दौरान एक समय यह 833.71 अंक तक चढ़कर 73,402.16 के सर्वकालिक उच्चस्तर तक पहुंचा। नेशनल स्टाक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 202.90 अंक यानी 0.93 प्रतिशत चढ़कर 22,097.45 के नए रिकार्ड स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 221 अंक बढ़कर 22,115.55 के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर तक गया। उम्मीद से बेहतर तीसरी तिमाही के नतीजों के बाद आईटी क्षेत्र की दिग्गज कंपनियों इन्फोसिस, टीसीएस, विप्रो और एचसीएल टेक ने इस तेजी की अगुवाई की। आईटी शेयरों में जोरदार तेजी से सूचकांकों को नए रिकार्ड उच्चस्तर पर पहुंचने में मदद मिली। तेल एवं गैस और ऊर्जा क्षेत्र के शेयरों ने भी तेजी को बढ़ावा दिया। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''आईटी कंपनियों के नए सौदे मिलने और खर्च बढने की उम्मीद से इनके शेयरों में आई खरीदारी ने बाजार को रफ्तार दी। इसके अलावा फेडरल रिजर्व के ब्याज दर कम करने की संभावना से अमेरिका बान्ड का प्रतिफल भी घट गया।' सेंसेक्स की कंपनियों में विप्रो ने छह प्रतिशत से अधिक की लंबी छलांग लगाई। एचसीएल टेक, एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, भारती एयरटेल और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में भी तेजी रही।

## डब्ल्यूटीओ के मुद्दों पर सभी हितधारकों की बैठक 20 को

**नई दिल्ली (भाषा)।**

वाणिज्य मंत्रालय ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की अगले महीने होने वाली अहम बैठक में उठने वाले मुद्दों पर चर्चा के लिए 20 जनवरी को सरकारी अधिकारियों और व्यापारिक विशेषज्ञों समेत सभी हितधारकों की एक बैठक बुलाई है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

डब्ल्यूटीओ का 13वां मंत्री-स्तरीय सम्मेलन 26-29 फरवरी को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अबू धाबी में होने वाला है। मंत्री-स्तरीय सम्मेलन 164 सदस्यों वाले डब्ल्यूटीओ का सर्वोच्च निर्णायक निकाय है। यह सदस्य देशों के बीच विवादों का निपटारा करने के अलावा वैश्विक निर्यात और आयात पर भी नजर रखता है। इस बैठक में भारत के व्यापार से जुड़े कई अहम मुद्दों को उठाए जाने की संभावना है। इसमें शामिल मुद्दों में कृषि, खाद्य सुरक्षा, विवाद निपटान सुधार, ई-कॉमर्स और मत्स्य पालन सब्सिडी शामिल हैं।

अधिकारी ने कहा, 'हम 20 जनवरी को इन मुद्दों पर सभी हितधारकों के साथ मुलाकात कर रहे हैं।' भारत ने मंत्री-स्तरीय बैठक में खाद्य सुरक्षा के लिए सार्वजनिक भंडारण के मुद्दे का स्थायी समाधान खोजने की मांग की है। इसने पीएसएच (सार्वजनिक स्टॉक होल्डिंग) और एसएसएम (विशेष सुरक्षा तंत्र) से परे वैकल्पिक खाद्य सुरक्षा समाधान के तर्कों को खारिज कर दिया है।

# भारत को तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में सहकारी क्षेत्र अहम : भूपेंद्र पटेल

**देवदार (भाषा)।** गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने सोमवार को कहा कि सहकारी क्षेत्र ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का सबसे अच्छा तरीका है और यह भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। वह बनास डेयरी और बनास बैंक की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद गुजरात के बनासकांठा जिले के देवदार गांव में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।



■ पटेल ने कहा, कृषि, बैंकिंग और पशुपालन से संबंधित केंद्र सरकार की सेवाएं अब प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) की मदद से गांवों में उपलब्ध हो रही हैं।

पटेल ने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। मेरा दृढ़ विश्वास है कि सहकारी क्षेत्र इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।' उन्होंने कहा, 'हाल ही में राज्य सरकार ने वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन के 10वें संस्करण का आयोजन किया। हमारा ध्यान उभरती और भविष्य की प्रौद्योगिकियों जैसे हरित ऊर्जा, हाइड्रोजन ऊर्जा और सेमीकंडक्टर पर था। साथ ही, हम ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर भी ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। सहकारी क्षेत्र, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का सबसे अच्छा तरीका है।' मुख्यमंत्री ने दावा किया कि ऐसे बैंकों के भारतीय रिजर्व बैंक के दायरे में आने के बाद सहकारी बैंकों के प्रशासन में काफी सुधार हुआ है और इससे जमाकर्ताओं का विश्वास बढ़ा है। पटेल ने कहा, कृषि, बैंकिंग और पशुपालन से संबंधित केंद्र सरकार की सेवाएं अब प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) की मदद से गांवों में उपलब्ध हो रही हैं। उन्होंने कहा, 'केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने हमेशा 'पैक्स' को बहु-सेवा केंद्रों के रूप में विकसित करने पर जोर दिया है। आने वाले दिनों में, 'पैक्स' जेनेरिक दवाएं बेचने जैसी कई अन्य सेवाएं प्रदान करेगा।'

पटेल ने कहा, 'निकट भविष्य में, 'पैक्स' लघु-सहकारी कार्यालयों में बदल जाएंगे और उन्हें सहकारी संरचना के माध्यम से स्थानीय रूप से शासित किया जाएगा। हालांकि, सहकारी संरचना भारत में लंबे समय से मौजूद है, यह प्रधानमंत्री मोदी ही थे जो देश के हर कोने में रहने वाले लोगों को लाभ प्रदान करने के लिए पैक्स का उपयोग करने का विचार लेकर आए थे।' मुख्यमंत्री ने कहा कि बनास बैंक ने गुजरात राज्य सहकारी बैंक (जीएससी बैंक) के साथ मिलकर लोगों को 'डोर-स्टेप' (दरवाजे पर) बैंकिंग सुविधाएं प्राप्त करने में मदद करने के लिए राज्य में अबतक 180 एटीएम और 1,700 सूक्ष्म एटीएम खोले हैं। उन्होंने कहा, 'आज हम एक प्रायोगिक परियोजना शुरू कर रहे हैं जिसके तहत बनासकांठा और पंचमहल जिलों में पैक्स 'बैंक मित्र' के रूप में कार्य करेंगे। इस परियोजना का उद्देश्य किसानों और पशुपालकों को बैंकिंग सेवाएं प्रदान करके औपचारिक अर्थव्यवस्था का हिस्सा बनाना है।' मुख्यमंत्री ने कहा, बनास डेयरी ने गोबर बास (बायोगैस) को हाइड्रोजन में बदलने की परियोजना शुरू की है।

## भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र में अमेरिकी निवेश घटा

**नई दिल्ली (भाषा)।**

वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारतीय रियल एस्टेट बाजार में अमेरिकी संस्थानों का निवेश पिछले साल (2023 में) 39 प्रतिशत घटकर 1.35 अरब डालर रह गया। जेएलएल इंडिया ने यह जानकारी दी।

अमेरिका स्थित संस्थागत निवेशकों ने 2022 में भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र में 2.2 अरब डालर का निवेश किया था। अमेरिकी कोष आमतौर पर भारतीय रियल एस्टेट बाजार में सबसे बड़े निवेशक रहे हैं।

जेएलएल इंडिया के अनुसार, भारतीय रियल एस्टेट में कुल संस्थागत निवेश 2022 के 515.1 करोड़ डालर से 2023 में 14% बढ़कर 587.8 करोड़ डालर हो गया।

# थोक महंगाई दर में हुआ इजाफा

■ सब्जियों व दालों समेत खाद्य पदार्थों की कीमत में जोरदार उछाल

**नई दिल्ली (भाषा)।**

थोक मुद्रास्फीति दिसम्बर में बढ़कर 0.73 प्रतिशत हो गई। खाद्य पदार्थों, खासकर सब्जियों तथा दालों की कीमतों में तेज उछाल से इसमें बढ़ोतरी हुई। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल से अक्टूबर तक लगातार शून्य से नीचे बनी हुई थी। नवम्बर में यह 0.26 प्रतिशत थी।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी एक बयान के अनुसार, 'वस्तुओं, मशीनरी तथा उपकरण, विनिर्माण, परिवहन अन्य उपकरण तथा कंप्यूटर, इलेक्ट्रानिक तथा आप्टिकल उत्पादों आदि की कीमतों में वृद्धि दिसम्बर 2023 में थोक मुद्रास्फीति में बढ़ोतरी का कारण रही।'



खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति दिसम्बर में बढ़कर 9.38 प्रतिशत रही, जो नवम्बर में 8.18 प्रतिशत थी। दिसम्बर में सब्जियों की महंगाई दर 26.30 प्रतिशत, जबकि दालों की महंगाई दर 19.60 प्रतिशत थी।

पिछले सप्ताह जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, दिसम्बर के लिए खुदरा या उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति बढ़कर चार महीने के उच्चतम 5.69 प्रतिशत पर पहुंच गई। भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) ने पिछले महीने अपनी द्विमासिक मौद्रिक नीति में ब्याज दरों को स्थिर रखा था। साथ ही नवम्बर और दिसंबर में खाद्य मुद्रास्फीति बढने के जोखिमों को चिह्नित किया था।

## गेट्स फाउंडेशन ने स्वास्थ्य नवाचारों के लिए रखा 8.6 अरब डालर का बजट

**दावोस (भाषा)।**

बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन ने 2024 के लिए 8.6 अरब अमेरिकी डालर के अपने सबसे बड़े वार्षिक बजट की सोमवार को घोषणा की। इसका एक हिस्सा स्वास्थ्य नवाचारों को आगे बढ़ाने में खर्च किया जाएगा। यह बजट पिछले वर्ष की तुलना में चार प्रतिशत अधिक है। फाउंडेशन ने 2026 तक अपने वार्षिक खर्च को नौ अरब अमेरिकी डालर तक बढ़ाने की भी प्रतिबद्धता जताई।

दावोस में विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक से पहले फाउंडेशन ने यह घोषणा की। गेट्स फाउंडेशन के सह-अध्यक्ष बिल गेट्स, 'हम स्वास्थ्य के भविष्य के बारे में बात किए बिना मानवता के भविष्य के बारे में बात नहीं कर सकते।' उन्होंने कहा, 'हर दिन, नवजात शिशु तथा छोटे बच्चे जान गंवा देते हैं। माताओं की जन्म देते समय मृत्यू हो जाती है, जिससे परिवार तबाह हो जाते हैं। इन सब ने मेरी रातों की नींद उड़ा दी है। यह अस्वीकार्य है, खासकर जब हमने पहले ही ऐसे कई समाधान विकसित कर लिए हैं जो उनकी जान बचा सकते हैं।'

गेट्स फाउंडेशन की सह-अध्यक्ष मेलिंडा फ्रेंच गेट्स ने कहा, 'वैश्विक स्वास्थ्य में निवेश हमारे भविष्य में निवेश है। जब दुनिया सिद्ध समाधानों पर पैसा लगाती है, तो वह आने वाली पीढ़ियों के लिए मजबूत, स्वस्थ तथा अधिक लचीले समुदायों का निर्माण करती है।'

# बाहरी झटकों के बावजूद मजबूत हुई है भारत की आर्थिक बुनियाद

**नई दिल्ली (भाषा)।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सदस्य आशिमा गोयल ने सोमवार को कहा कि 2020 के बाद से गंभीर बाहरी झटकों का सामना करने के बावजूद भारत की वृहद-बुनियाद मजबूत बनी हुई है।

गोयल ने एक साक्षात्कार में कहा कि देश की आर्थिक विविधता, पर्याप्त भंडार और व्यवहार्य सुधारों ने नीतियों को मुद्रास्फीति से निपटने में सक्षम बनाया है। अधिक से अधिक कंपनियों तथा उपभोक्ताओं के मुद्रास्फीति कम करने के लक्ष्य से आगे बढने से अर्थव्यवस्था के इस साल केंद्रीय बैंक के चार प्रतिशत के चार प्रतिशत के लक्ष्य पर पहुंचने की उम्मीद है।



वर्ष 2020 के बाद से गंभीर बाहरी झटके (रूस-यूक्रेन युद्ध, इज़राइल-हमास युद्ध, तेल की कीमतें, हुती हमले) आए हैं। इनके बावजूद इस अवधि में भारत की आर्थिक बुनियाद मजबूत हुई हैं।

आशिमा गोयल
एमपीसी सदस्य, आरबीआई

अर्थशास्त्री ने कहा कि इन कारकों के कारण रुपया अपेक्षाकृत स्थिर रहा है। गोयल ने कहा, 'आर्थिक विविधता, पर्याप्त भंडार और व्यवहार्य सुधारों ने नीतियों को मुद्रास्फीति से निपटने में सक्षम बनाया है। हमारे पास महंगाई से निपटने की नीति को लागू करने और बाहरी झटकों को कम करने की क्षमता है।' भारतीय अर्थव्यवस्था के चालू वित्त वर्ष 2023-24 में 7.3 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। 2022-23 में आर्थिक वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत रही थी।

आईएमएफ)के विश्व आर्थिक परिदृश्य के अनुसार, वैश्विक वृद्धि 2022 में 3.5 प्रतिशत से घटकर 2023 में तीन प्रतिशत और 2024 में 2.9 प्रतिशत होने का अनुमान है।

# अर्थशास्त्रियों ने जताया वर्ल्ड इकोनामी कमजोर होने का अनुमान

**दावोस (भाषा)।**

मुख्य अर्थशास्त्रियों के एक सर्वेक्षण में 2024 में वैश्विक अर्थव्यवस्था के कमजोर होने और भू-आर्थिक विखंडन में तेजी आने का अनुमान लगाया गया है।

विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की सोमवार को जारी 'चीफ इकोनॉमिस्ट आउटलुक' रिपोर्ट में अधिक आर्थिक अनिश्चितता को लेकर आगाह करते हुए कहा गया कि वैश्विक आर्थिक संभावनाएं कमजोर बनी हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक अर्थव्यवस्था तंग वित्तीय परिस्थितियों, भू-राजनीतिक दरारों और जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) में तेजी से प्रगति से ग्रस्त है।





आधे से अधिक (56 प्रतिशत) मुख्य अर्थशास्त्रियों का मानना है कि इस साल वैश्विक अर्थव्यवस्था कमजोर होगी, जबकि 43 प्रतिशत को इसके यथावत बने रहने या मजबूत होने की उम्मीद है। हालांकि, दक्षिण एशिया तथा पूर्वी एशिया और प्रशांत क्षेत्र के लिए दृष्टिकोण सकारात्मक बना हुआ है। अधिकतर अर्थशास्त्री वहां 2024 में कम से कम मध्यम वृद्धि की उम्मीद कर रहे हैं।

चीन एक अपवाद के रूप में उभरा जहां 69 प्रतिशत अर्थशास्त्रियों को मध्यम वृद्धि की उम्मीद है। इसकी वजह कमजोर खपत, कम औद्योगिक उत्पादन तथा संपत्ति बाजार की चिंतओं का मजबूत बदलाव की संभावनाओं पर असर डालना है। डब्ल्यूईएफ की प्रबंध निदेशक सादिया ज़ाहिदी ने कहा, 'चीफ इकोनॉमिस्ट आउटलुक' रिपोर्ट वर्तमान आर्थिक माहौल की अनिश्चित प्रकृति को रेखांकित करती है।'

उन्होंने कहा, 'बढ़ते विचलन के बीच, आने वाले वर्ष में वैश्विक अर्थव्यवस्था के लचीलेपन का परीक्षण जारी रहेगा।'

## सेबी ने डीमैट में निवेश पर दिशानिर्देश जारी किए

**नई दिल्ली (भाषा)।**

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ) के मामले में डीमैट प्रारूप में निवेश रखने तथा संरक्षक की नियुक्ति को लेकर सोमवार को दिशानिर्देश जारी किए।

नए दिशानिर्देशों के तहत अगर सेबी ने छूट नहीं दी है तो एआईएफ को अपने निवेश को डीमैट यानी डिजिटल तरीके से रखना आवश्यक है। सेबी ने एक परिपत्र में कहा कि एक अक्टूबर, 2024 से प्रभावी नई व्यवस्था के तहत इस तिथि के बाद एआईएफ की तरफ से किया गया कोई भी निवेश डीमैट रूप में रखना होगा।

# वर्ष 2020 से अब तक पांच सबसे अमीर लोगों की संपत्ति दोगुनी हुई

■ पांच अरब लोग हो गए हैं गरीब ■ दुनिया को मिल सकता है पिछले एक दशक का पहला खरबपति ■ गरीब खत्म होने में लगेंगी दो शताब्दियां

**दावोस (भाषा)।**

दुनिया के पांच सबसे अमीर लोगों की संपत्ति 2020 के बाद से दोगुनी से अधिक हो गई है। वहीं विश्व को एक दशक में अपना पहला खरबपति मिल सकता है जबकि गरीबी खत्म करने में दो शताब्दियों से अधिक समय लगेगा।

ऑक्सफैम ने यहां विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक के पहले दिन सोमवार को अपनी वार्षिक असमानता रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि दुनिया के 10 सबसे बड़े निगमों में से सात में मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) या प्रमुख शेयरधारक अरबपति हैं।

रिपोर्ट में कहा गया कि 148 शीर्ष निगमों ने 1800 अरब अमेरिकी डालर का मुनाफा कमाया, जो तीन साल के औसत से 52 प्रतिशत अधिक है। अमीर शेयरधारकों को भारी भुगतान किया गया, जबकि करोड़ों लोगों को वास्तविक अवधि के वेतन में कटौती का सामना करना पड़ा।

गैर सरकारी संगठन ऑक्सफैम ने सार्वजनिक कार्रवाई के एक नए युग का आह्वान किया, जिसमें सार्वजनिक सेवाएं, कॉर्पोरेट विनियमन, एकाधिकार को तोड़ना और स्थायी धन और अतिरिक्त लाभ करों को लागू करना शामिल है।



असमानता तथा वैश्विक कार्पोरेट शक्ति पर ऑक्सफैम की रिपोर्ट में कहा गया कि दुनिया के पांच सबसे अमीर लोगों की संपत्ति 2020 के बाद से '1.4 करोड़ अमेरिकी डालर प्रति घंटे की दर से ' 405 अरब अमेरिकी डालर से दोगुनी से अधिक बढ़कर 869 अरब अमेरिकी डालर हो गई है, जबकि ''विभाजन के इस दशक'' में करीब पांच अरब लोग पहले ही गरीब हो चुके हैं।

■ दुनिया की दस बड़ी कंपनियों में सात कंपनियों के सीईओ अरबपति
■ अमीरों को किया गया भारी भुगतान, गरीबों को मिली वेतन कटौती
■ उत्तरी देशों में रखी है दुनिया के 74 फीसद अरबपतियों की संपत्ति

रिपोर्ट में कहा गया, 'अगर मौजूदा रुझान जारी रहा तो एक दशक के भीतर दुनिया को पहला खरबपति मिल जाएगा, लेकिन गरीबी अगले 229 वर्षों तक खत्म नहीं होगी।' ऑक्सफैम इंटरनेशनल के अंतरिम कार्यकारी निदेशक अमिताभ बेहार ने कहा, 'असमानता की यह स्थिति कोई दुर्घटनावश उत्पन्न नहीं हुई है। अरबपति वर्ग यह सुनिश्चित कर रहा है कि निगम बाकी सभी की कीमत पर उन्हें अधिक संपत्ति प्रदान करें।'

ऑक्सफैम के अनुसार, वैश्विक आबादी का सिर्फ 21 प्रतिशत प्रतिनिधित्व करने के बावजूद 'ग्लोबल नॉर्थ' के अमीर देशों के पास 69 प्रतिशत वैश्विक संपत्ति है और दुनिया के 74 प्रतिशत अरबपतियों की संपत्ति यहीं है।



# रियाल मैड्रिड ने 13वीं बार जीता स्पेनिश सुपर कप

## फाइनल में चिर प्रतिद्वंद्वी बार्सिलोना को 4-1 से हराया, विनीसियस की हैट्रिक

**हैट्रिक**

| | |
|---|---|
| पहला गोल | 7 वें मिनट |
| दूसरा गोल | 10 वें मिनट |
| तीसरा गोल | 39 वें मिनट |

**रियाद,(एजेंसी)।** विनीसियस जूनियर की हैट्रिक की मदद से रियाल मैड्रिड ने सऊदी अरब में खेले गए मैच में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी बार्सिलोना को 4-1 से हराकर स्पेनिश सुपर कप फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता।

विनीसियस ने फाइनल में अपने तीनों गोल पहले हाफ में किए जिससे रियाल मैड्रिड सत्र की अपनी पहली ट्रॉफी हासिल करने में सफल रहा। रियाल मैड्रिड की तरफ से रोड्रिगो ने भी गोल किया जबकि बार्सिलोना की तरफ से एकमात्र गोल रॉबर्ट लेवांडोस्की ने पहले हाफ में किया। रियाल मैड्रिड ने सुपर कप में 13वां खिताब जीता। बर्सिलोना ने 14 बार यह ट्रॉफी जीती है। विनीसियस ने पहला गोल करने के बाद क्रिस्टियानो रोनाल्डो की तरह जश्न मनाया। रोनाल्डो अभी सऊदी अरब की लीग में खेलते हैं।




### विनीसियस बोले, यह मेरे आदर्श रोनाल्डो के लिए...

हैट्रिक लेने के बाद विनीसियस ने कहा, यह क्रिस्टियानो रोनाल्डो के लिए था, क्योंकि वह मेरे आदर्श हैं और अभी यहां खेल रहे हैं। मैं अपने प्रदर्शन से खुश हूं। बार्सिलोना के खिलाफ खेलना और 4-1 से जीत दर्ज करना आसान नहीं होता है। हमने शानदार खेल दिखाया।

## ब्रीफ न्यूज

### बीसीसीआई ने चयनकर्ता पद के लिए मंगाए आवेदन

**मुंबई,(एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सीनियर पुरूष टीम की चयन समिति में एक चयनकर्ता पद के आवेदन आमंत्रित किए हैं। हालांकि बीसीसीआई की वेबसाइट पर जारी इस विज्ञप्ति से यह स्पष्ट नहीं है कि वर्तमान पांच सदस्यीय चयन समिति से कौन चयनकर्ता बाहर जाएगा। इस समय अजीत आगरकर चयन समिति के प्रमुख हैं। बीसीसीआई के संविधान के अनुसार प्रत्येक क्षेत्र (उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम और मध्य) से एक-एक चयनकर्ता चयन समिति में होने चाहिए। किसी भी चयनकर्ता का कार्यकाल पांच साल का होता है। इस पद के लिए आवेदन की अंतिम तारीख 25 जनवरी है।

### मप्र - ओडिशा के बीच रणजी मैच ड्रॉ पर खत्म

**इंदौर,(एजेंसी)।** मध्य प्रदेश और ओडिशा के बीच खेला गया चार दिवसीय रणजी मुकाबला ड्रॉ पर समाप्त हुआ। ओडिशा ने पहली पारी की बढत के आधार पर मध्यप्रदेश के खिलाफ तीन अंक लिए। ओडिशा के पहली पारी के 498 रन के जवाब में मध्यप्रदेश ने 318 रन बनाए। दूसरी पारी में मध्यप्रदेश ने चार विकेट पर 291 रन बनाए। ओडिशा को 112 रन का लक्ष्य मिला जिसके जवाब में टीम एक विकेट पर 38 रन बना सकीं। ओडिशा के सुभ्रांशु सेनापति (277 रन) को प्लेयर ऑफ द मैच के अवॉर्ड से भी नवाजा गया।

### डकार रैली: नोआ एक चरण जीतने वाले पहले भारतीय बने

**डकार,(एजेंसी)।** भारत के हरिथ नोआ डकाल रैली में कोई चरण जीतने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। जर्मनी में जन्मे केरल के इस राइडर ने रैली 2 क्लास में आठवां चरण जीता। वह शेरको टीवीएस रैली फैक्ट्री टीम का हिस्सा थे। सातवें चरण में वह सर्दी लगने के बावजूद 16वें स्थान पर रहे थ्रे। वह समग्र तालिका में 13वें स्थान पर हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, पी 11 (ओवरआल स्थान) आठवां चरण, 458 किलोमीटर । बाइक पर बहुत अच्छा लगा और अब तबीयत भी ठीक है । अच्छा प्रदर्शन करने पर सब कुछ अच्छा लगता है। मंगलवार को एक नया दिन है और अभी यह रैली लंबी चलेगी ।

### डब्ल्यूएफआई की बैठक आज

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** निलंबित भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) मंगलवार को यहां अपनी कार्यकारी समिति की बैठक करेगा और खेल मंत्रालय की चेतावनी के बावजूद राष्ट्रीय चैंपियनशिप की मेजबानी के अपने फैसले से पीछे नहीं हटेगा। कार्यकारी समिति की बैठक के लिए नोटिस 31 दिसंबर को जारी किया गया था और अधिकांश राज्य संघों के इसमें भाग लेने की उम्मीद है। सदस्य नए पदाधिकारियों के चुने जाने के कुछ घंटों बाद 21 दिसंबर को डब्ल्यूएफआई की आम सभा के दौरान किए गए फैसलों की पुष्टि करेंगे।

### चार बार की ग्रैंडस्लैम विजेता को हरा गार्सिया ने किया बड़ा उलटफेर

# ओसाका और एंडी मरे पहले दौर में बाहर

## ऑस्ट्रेलियन ओपन: गॉफ दूसरे दौर में, मार्केटा हारीं



**मेलबर्न,(एजेंसी)।** ब्रेक के बाद ग्रैंडस्लैम में वापसी करने वाली दो बार की पूर्व चैम्पियन नाओमी ओसाका ऑस्ट्रेलियाई ओपन के पहले ही दौर में 16वीं वरीयता प्राप्त कैरोलीन गार्सिया से हारकर बाहर हो गई। मां बनने के कारण पंद्रह महीने बाद टेनिस कोर्ट पर लौटी चार बार की ग्रैंड स्लैम विजेता ओसाका को 4-6, 6-7 से पराजय झेलनी पड़ी।

ओसाका ने पिछले साल जुलाई में बेटी शाई को जन्म दिया और ब्रिस्बेन टूर्नामेंट में उतरीं थी, जहां वह दूसरे दौर तक पहुंची थी। गार्सिया का ऑस्ट्रेलियन ओपन में श्रेष्ठ प्रदर्शन 2018 और 2023 में रहा है जब वह चौथे दौर में पहुंचने में सफल रहीं थी। अब दूसरे दौर में उनका सामना मैगदलीना से होगा। महिला वर्ग में अमेरिका की कोको गॉफ ने आसानी के साथ दूसरे दौर में प्रवेश किया। पिछले साल सितंबर में अमेरिकी ओपन का खिताब जीतने वाली 19 वर्षीय गॉफ ने अन्ना करोलिना श्मीडलोवा को 6-3, 6-0 से हराया। सातवीं वरीयता प्राप्त और विंबलडन चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा को हालांकि पहले दौर में बाहर का रास्ता देखना पड़ा। उन्हें दयाना यास्त्रेम्स्का ने 6-1, 6-2 से हराया।



### तीन बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन एंडी मरे उलटफेर का शिकार

इंग्लैंड के एंडी मरे पहले दौर में अर्जेंटीना के 24 वर्षीय टॉमस मार्टिन के खिलाफ सीधे सेटों में हराकर बाहर हो गए। शो कोर्ट एरेना में मार्टिन ने तीन बार ग्रैंड स्लैम चैंपियन मरे को 6-4, 6-2, 6-2 से हराकर सीजन के पहले ग्रैंड स्लैम के दूसरे दौर में प्रवेश किया। अगले दौर में मार्टिन का सामना फ्रांस के गेल मोनफिल्स से होगा।

### मेदवेदेव व सितसिपास आगे बढ़े, वावरिंका बाहर

पुरुष वर्ग में तीसरी वरीयता के रूस के डेनिल मेदवेदेव ने आसानी के साथ ऑस्ट्रेलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया। उनके प्रतिद्वंद्वी टेरेंस एटमेने चौथे दौर में मांसपेशियों में खिंचाव के कारण हट गए। रूसी खिलाड़ी उस समय 5-7, 6-2, 6-4, 1-0 से आगे चल रहे थे। मेदवेदेव 2021 और 2022 में मेलबर्न पार्क के फाइनल में पहुंचे थे। इसके अलावा पिछले साल फाइनल में पहुंचने वाले यूनान के स्टेफनोस सितसिपास ने पहले दौर में जिजोयू बर्ग को 5-7, 6-1, 6-1, 6-3 से हराया। हालांकि 2014 के ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन और तीन ग्रैंडस्लैम खिताब जीत चुके स्टेन वावरिंका को एडियन मैनारिनो ने पांच सेटों के मुकाबले में 6-4, 3-6, 5-7, 6-3, 6-0 हराया। पिछले साल क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले बेन शेल्टन ने राबर्टो बतिस्ता को 6-2, 7-6(2), 7-5 से हराया। अन्य अमेरिकी सेब कोर्डा ने विट कोपरिवा को 6-1, 6-4, 2-6, 4-6, 6-2 से हराया।



# प्रखर ने कूच बिहार ट्रॉफी में खेली 404 रनों की पारी

## फाइनल में यह कारनामा करने वाले पहले क्रिकेटर

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** कर्नाटक के सलामी बल्लेबाज प्रखर चतुर्वेदी ने कूच बिहार ट्रॉफी फाइनल में नायाब इतिहास रच डाला। वह इस टूर्नामेंट के फाइनल में 400 रन की पारी खेलने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं।



उन्होंने मुंबई के खिलाफ 638 गेंदों का सामना करने के बाद नाबाद 404 रन बनाए। इस टूर्नामेंट के इतिहास की यह दूसरी सबसे बड़ी पारी है। 2011-12 सीजन में असम के खिलाफ महाराष्ट्र के लिए विजय जॉल का नाबाद 451 रन टूर्नामेंट में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर है। बता दें कि कूचबिहार ट्रॉफी, भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआइ) का अंडर-19 घरेलू टूर्नामेंट है।

प्रखर ने वेस्टइंडीज के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज ब्रायन लारा जैसा कारनामा अंजाम दिया है। लारा ने साल 2004 में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में नाबाद 400 रन की पारी खेली थी। वह इंटरनेशनल क्रिकेट में इतनी बड़ी पारी खेलने वाले इकलौते प्लेयर हैं। इस मैच में मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 380 रन बनाए। जिसके जवाब में कर्नाटक ने 890 रनों का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। शिवमोग्गा में खेला गया यह फाइनल मुकाबला ड्रॉ रहा। लेकिन पहली पारी में बढ़त के आधार पर कर्नाटक को विजेता घोषित कर दिया गया। कूच बिहार ट्रॉफी के फाइनल मैच में पिछला सर्वोच्च स्कोर युवराज का था। युवराज ने यह स्कोर दिसंबर 1999 में बनाया था। उस मैच में उन्होंने पंजाब के लिए खेलते हुए 358 रन बनाए थे। तब बिहार की टीम में महेंद्र सिंह धोनी भी थे। युवराज की इस पारी का जिक्र धोनी की बायोपिक फिल्म एमएस धोनी: द अनटोल्ड स्टोरी में भी किया गया था।

### शूटिंग चैंपियनशिप में योगेश ने फिर जीते डबल गोल्ड

**जकार्ता, (एजेंसी)।** भारतीय निशानेबाजों का एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर (एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप) में शानदार प्रदर्शन जारी है और योगेश सिंह ने पुरूषों की 25 मीटर सेंटर फायर पिस्टल स्पर्धा में सोमवार को फिर से व्यक्तिगत और टीम वर्ग में स्वर्ण पदक जीते। योगेश ने 573 के स्कोर के साथ व्यक्तिगत स्वर्ण जीता। ओमान के मुराद अल बालुशी (570) दूसरे और इंडोनेशिया के अनंग यूलियांतो (567) तीसरे स्थान पर रहे। भारत के पंकज यादव ( 567) और अक्षय जैन (564) क्रमशः चौथे और छठे स्थान पर रहे। भारतीय तिकड़ी ने 1704 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। कुवैत में शॉटगन क्वालीफायर में राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता श्रेयसी सिंह को महिलाओं के ट्रैप वर्ग में पांचवें स्थान से संतोष करना पड़ा। वह पांच दौर में 115 अंक लेकर फाइनल में पहुंची थी लेकिन फाइनल में 19 अंक ही बना सकी। भारत की श्रेयसी, मनीषा कीर और भव्या त्रिपाठी ने टीम वर्ग में कुल 328 स्कोर करके रजत पदक जीता। एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता लक्ष्य श्योराण ने एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में पुरूषों की ट्रैप स्पर्धा में कांस्य पदक जीता लेकिन पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करने से मामूली अंतर से चूक गए।



### धोनी को मिला राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का न्योता

**रांची ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आने का न्योता दिया है। आरएसएस के प्रांत सह कार्यवाह धनंजय सिंह ने सोमवार की दोपहर रांची के जेएससीए स्टेडियम में कैप्टन कूल से मिलकर उन्हें इसका आमंत्रण पत्र सौंपा। इस दौरान बीजेपी के प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह और धोनी के दोस्त सीमांत लोहानी भी मौजूद थे। कर्मवीर सिंह ने अपने सोशल मीडिया पर इससे संबंधित पोस्ट किया है। उन्होंने अपने एक्स पोस्ट में लिखा है, आज झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में विश्व में भारत का क्रिकेट खेल में सम्मान व युवाओं के प्रेरणा महेंद्र सिंह धोनी को श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए अक्षत निमंत्रण पत्र प्रांत सह कार्यवाह धनंजय जी के साथ दिया। बीजेपी की झारखंड इकाई ने भी अपने सोशल मीडिया पर इससे संबंधित तस्वीर पोस्ट की है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं किया है कि महेंद्र सिंह धोनी ने उन्हें आमंत्रित करने गए लोगों से क्या बातचीत की और वे इस कार्यक्रम में जाएंगे या नहीं. महेंद्र सिंह धोनी इन दिनों अपने घर रांची में रहकर आगामी आईपीएल की प्रैक्टिस कर रहे हैं।



# जोकोविच ने कोहली को दिया धन्यवाद

## बोले-मैं उस दिन का इंतजार कर रहा हूं, जब हम साथ खेलेंगे

**नई दिल्ली।** टेनिस के स्टार खिलाड़ी सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने भारतीय टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली को धन्यवाद कहा है। भारतीय क्रिकेटर कोहली ने रविवार को अफगानिस्तान के खिलाफ दूसरे टी-20 से पहले प्रैक्टिस के दौरान जोकोविच की तारीफ की थी और उनसे बातचीत की कहानी बताई थी।




सोमवार को जोकोविच ने एक इंस्टाग्राम स्टोरी शेयर की है। इस स्टोरी में उन्होंने भारतीय क्रिकेट टीम की एक रील शेयर की है, जिसमें विराट कोहली उनकी तारीफ करते हुए नजर आ रहे हैं। इसी रील को शेयर करते हुए जोकोविच ने लिखा है, इन प्यारे शब्दों के लिए धन्यवाद विराट। मैं उस दिन का इंतजार कर रहा हूं, जब हम साथ खेलेंगे। जब विराट से जोकोविच के बार में पूछा गया तो उन्होंने टेनिस खिलाड़ी से अपना कनेक्शन बताया था। रविवार को होलकर स्टेडियम में प्रैक्टिस के दौरान कोहली ने बीसीसआई से कहा, मैंने नोवाक से बात करने के लिए इंस्टाग्राम पर मैसेज करना चाहा। लेकिन जब मैं मैसेज बॉक्स में गया तो देखा उन्होंने पहले ही मुझे मैसेज कर रखा था। उनका मैसेज बहुत टाइम से ओपन नहीं हुआ था। तब मैंने पहली बार अपना मैसेज बॉक्स ओपन किया।

## सिटी स्पोर्ट्स

**29वां आईईएस-डिजिआना इंटर प्रेस क्रिकेट**

### जनसंपर्क का विजयी आगाज एनडीआईपीएल भी जीता



**भोपाल (खेसं)।** जनसंपर्क ने डिजिआना को आठ विकेट से हराकर 29वें आईईएस डिजिआना इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट में विजयी आगाज किया है। वहीं एनडीआईपीएल ने वारियर्स इलेवन को नौ विकेट से हराया। ओल्ड कैंपियन मैदान पर खेली जा रही इस प्रतियोगिता में डिजिआना ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 18.5 ओवर में 99 रन बनाए। उसकी ओर से अजय ने 57 रन की पारी खेली। जनसंपर्क की ओर से राहुल सिंह और अखिल परस्ते ने 3-3 विकेट लिए। जवाब में जनसंपर्क ने जरूरी रन 13.4 ओवर में बना लिए। इसमें मृदुल पाठक ने 38 और अनराग उइके ने 36 रनों की पारी खेली। अनुराग उइके मानसरोवर प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। दिन के दूसरे मैच में वारियर्स इलेवन पहले खेलते हुए 19.2 ओवर में 106 रनों पर आउट हो गई। राम चतुर्वेदी ने 23 रन बनाए। जवाब में एनडीआईपीएल ने जरूरी रन 11.2 ओवर में एक विकेट पर बना लिए। इसमें अभिषेक गिरी ने 42 रनों की पारी खेली।

### एमएम जगदाले ट्रॉफी के फाइनल में भोपाल डिवीजन की स्थिति मजबूत

**भोपाल,(खेसं)।** कनिष्क गौतम के नाबाद शतक की बदौलत भोपाल डिवीजन मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित एमएम जगदाले ट्रॉफी इंटर डिविजनल क्रिकेट टूर्नामेंट अंडर-15 बॉयज के चार दिवसीय फाइनल मैच में मजबूत स्थिति में पहुंच गया हैं। उज्जैन डिवीजन की टीम 127/6 से आगे खेलते हुए 115.2 ओवरों में 135 रन पर ऑलआउट हो गई। भोपाल डिवीजन की ओर से रुद्र प्रताप और अरनव पुंडीर ने 3-3 विकेट लिए। भोपाल डिवीजन ने अपनी पहली पारी की शुरुआत करते हुए दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक 90 ओवरों में 3 विकेट के नुकसान पर 201 रन बना लिए हैं। भोपाल डिवीजन के लिए कनिष्क गौतम नाबाद 137 रन और अरनव पुंडीर नाबाद 01 रन पर खेल रहे हैं। वहीं एमपीसीए द्वारा आयोजित हीरालाल गायकवाड ट्रॉफी इंटर डिविजनल अंडर-18 बॉयज के मैच में सागर डिवीजन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 61.4 ओवरों में 158 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। सागर डिवीजन से हरीशचंद्र यादव ने 45 रन बनाए।



# सीनियर डेविस कप खिलाड़ी विष्णु क्वालीफाइंग राउंड से हुए बाहर

## आईटीएफ: आर्यन, पार्थ, माधविन कामथ व मैट ह्यूम जीते

**भोपाल,(खेसं)।** क्वालीफाइंग राउंड में तनाव पूर्ण मुकाबलों ने आज से प्रारंभ हो रहे 25 हजार डॉलर ईनामी राशि वाले अंतरराष्ट्रीय टेनिस टूर्नामेंट पुरुष आईटीएफ (इंटरनेशनल टेनिस फेडरेशन) अरेरा क्लब, भोपाल में रोमांचक मुकाबलों की शुरुआत कर दी है जो 21 जनवरी तक देखने को मिलेगा। आर्यन शाह, पार्थ अग्रवाल, माधविन कामथ व मैट ह्यूम के कड़े मुकाबलों ने रोमांचक टूर्नामेंट का आगाज किया।



सोमवार को आठ में से छः मैच तीन सेटों तक गए, और प्रत्येक रोमांच पूर्ण रहा। भारत के आर्यन शाह ने पहला सेट जीत कर अच्छी शुरुआत कर ली थी, पर एक समय ऐसा लगने लगा था कि मैच उनके हाथ से फिसल गया है। इसी प्रकार वरिष्ठ डेविस कप खिलाड़ी विष्णु वर्धन भी अपना पहला सेट जीतने के बाद दोनो सेट हार कर बाहर हो गए। सैंतीस वर्षीय विष्णु वर्धन जो भारत के लिए डेविस कप खेल चुके हैं ओर एसियन गेम्स में भी पदक हासिल किया है, अपने से चौदह वर्ष छोटे माधविन कामथ के सामने नही टिक पाए। इसी प्रकार औस्ट्रेलिया के मैट ह्यूम और जियांग डोंग भी एक एक सेट पीछे रहने के बाद भी कड़े मुकाबलों में अपने अपने मैच जीत कर मेन ड्रॉ में अपने लिए जगह बना ली। मेन ड्रॉ के बत्तीस खिलाड़ियों में अब सत्रह देशों के खिलाड़ी शामिल हैं जिनमें से उन्नीस विदेशी खिलाड़ी होंगे।

## फाइटर का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रौशन की आने वाली फिल्म फाइटर का ट्रेलर रिलीज हो गया है। सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बन रही फिल्म फाइटर में ऋतिक रौशन, दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर की मुख्य भूमिका है। ट्रेलर में ऋतिक रौशन, दीपिका पादुकोण, अनिल कपूर और करण सिंह ग्रोवर वायु सेना अधिकारी बने देशभक्ति के जज्बे में डूबे नजर आ रहे हैं।'फाइटर'में ऋतिक रौशन स्क्वाड्रन लीडर शमशेर पठानिया उर्फ पैटी की भूमिका में नजर आएंगे। वहीं, दीपिका पादुकोण स्क्वाड्रन लीडर मीनल राठौड़ उर्फ मिन्नी का किरदार निभा रही है। अनिल कपूर ग्रुप कैप्टन राकेश जय सिंह उर्फ रॉकी के किरदार में नजर आएंगे





## प्रभास ने की अपने अगले प्रोजेक्ट 'द राजा साब' की घोषणा


**हैदराबाद (भाषा)** 'सलारः पार्ट 1 - सीजफायर' की सफलता के बाद, अभिनेता प्रभास ने सोमवार को पोंगल के अवसर पर अपनी अगली फिल्म 'द राजा साब' की घोषणा की।निर्माताओं के अनुसार, आगामी फिल्म एक दिलचस्प रोमांटिक हॉरर मनोरंजक फिल्म है, जिसका निर्देशन मारुति करेंगे। 'प्रति रोजु पंडागे' और 'प्रेम कथा चित्रम' जैसी फिल्मों के लिए जाने जाने वाले मारुति ने कहा कि वह प्रभास के साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा ''द राजा साब' आज तक के मेरे सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट में से एक है।

## एंटीफंगल दवाओं से

### दवा प्रतिरोधी संक्रमण का खतरा

**न्यूयॉर्क (आईएएनएस)।** एक शोध से यह बात सामने आई है कि ज्यादा मात्रा में एंटीफंगल दवाओं (क्रीम) का इस्तेमाल करने से दवा-प्रतिरोधी संक्रमण का खतरा बढ़ सकता है। यूएस सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) के शोधकर्ता जेरेमी गोल्ड के नेतृत्व वाली एक टीम ने कहा, ये गंभीर रोगाणुरोधी-प्रतिरोधी सतही फंगल संक्रमण हैं, जो हाल ही में अमेरिका में पाए गए हैं। यह सबसे बड़े उभरते खतरों में से एक दाद का दवा-प्रतिरोधी रूप है।

दक्षिण पूर्व एशिया में इस खुजलीदार, गोलाकार चकत्ते का प्रमुख प्रकोप हुआ है जिस पर एंटीफंगल क्रीम या गोली बेअसर है। गोल्ड की टीम ने बताया कि दवाओं के प्रति प्रतिरोधी दाद के मामले अब 11 अमेरिकी राज्यों में भी देखे गए हैं। टीम ने कहा, इससे मरीजों को व्यापक घावों का सामना करना पड़ रहा है और इसके डायग्नोसिस में देरी हो




रही है। एंटीबायोटिक दवाओं का अत्यधिक उपयोग स्वाभाविक रूप से एंटीफंगल दवाओं के प्रति प्रतिरोध विकसित करते हैं। सीडीसी टीम का मानना है कि एंटीफंगल सामयिक क्रीमों को जरूरत से ज्यादा प्रिस्क्राइब किया जा रहा है। सीडीसी के रोगों की संख्या और मृत्यु दर साप्ताहिक रिपोर्ट के नवीनतम अंक में प्रकाशित निष्कर्षों से पता चला है कि प्राइमरी केयर डॉक्टरों ने इन नुस्खों का सबसे बड़ा प्रतिशत लिखा था, लेकिन त्वचा विशेषज्ञों और पीडियाट्रिस्टों के पास प्रति चिकित्सक नुस्खे के आधार पर यह बहुत अधिक दर थी।

**एंटीफंगल के अत्यधिक उपयोग का केवल एक अंश ही पकड़ता है, क्योंकि अधिकांश सामयिक एंटीफंगल को डॉक्टर के पर्चे के बिना काउंटर पर खरीदा जा सकता है।**

उन्होंने कहा कि त्वचा के घाव को केवल देखने के अलावा उसका 'डायग्नोसिस टेस्ट' शायद ही कभी किया जाता है। कुछ चिकित्सक काफी एंटीफंगल दवाएं लिख रहे हैं। टीम ने पाया कि 2021 में 10 प्रतिशत एंटीफंगल प्रिस्क्राइबर्स इनमें से लगभग आधी दवाएं लिखते हैं। शोधकर्ताओं ने कहा कि नया अध्ययन संभवतः एंटीफंगल के अत्यधिक उपयोग का केवल एक अंश ही पकड़ता है, क्योंकि अधिकांश सामयिक एंटीफंगल को डॉक्टर के पर्चे के बिना काउंटर पर खरीदा जा सकता है। विशेष रूप से क्लोट्रिमेज़ोल और बीटामेथासोन जैसी दवाओं का उच्च उपयोग, दवा प्रतिरोधी दाद का एक बड़ा कारक माना जाता है। यह दवा त्वचा (स्टेरॉयड और एंटिफंगल का एक संयोजन) को नुकसान भी पहुंचा सकती है यदि इसे इंटरट्रिगिनस क्षेत्रों पर लगाया जाता है। जिसका मतलब है कि ऐसे क्षेत्र जहां त्वचा खुद पर मुड़ जाती है, जैसे कमर, नितंबों और बगल के आसपास होती है।

## भक्ति राठौड़ ने 'आंख मिचौली' में अपने किरदार के बारे में बताया



**मुंबई (आईएएनएस)।** आगामी शो 'आंख मिचौली' में केसर बा का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री भक्ति राठौड़ ने शो में अपने किरदार के बारे में खुलकर बात की। अभिनेत्री ने अपने रोल को जटिल बताया। आंख मिचौली में खुशी दुबे और नवनीत मलिक मुख्य भूमिका में हैं। अपनी भूमिका के बारे में बात करते हुए भक्ति ने कहा, शो आंख मिचौली में मैं केसर बा का किरदार निभा रही हूं। वह उस कहानी का बहुआयामी और जटिल चरित्र है जिसे हम यहां बता रहे हैं। वह अपने आस-पास के विभिन्न पात्रों की विभिन्न प्रतिक्रियाओं को सामने लाती है। उन्होंने कहा, मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से वह एक संपूर्ण महिला है। क्रिएटिव हेड श्वेता, निर्देशक रोहित फुलारी और लेखक राहुल पटेल ने अपने संक्षिप्त वर्णन और चर्चाओं के साथ इस किरदार को इतनी आसानी से मेरी रगों में डाल दिया है कि केसर बा अब मेरे खून में दौड़ती है। 'आंख मिचोली' 22 जनवरी से स्टार प्लस पर प्रसारित होगा।

## प्रसिद्ध मलयालम संगीत निर्देशक जे जॉय का निधन

**तिरुवनंतपुरम (भाषा)। मशहूर मलयालम संगीत निर्देशक के जे जॉय का सोमवार को चेन्नई स्थित उनके आवास पर निधन हो गया। फिल्म उद्योग के सूत्रों ने यह जानकारी दी। वह 77 साल के थे। फिल्म उद्योग के सूत्रों ने बताया कि आघात के बाद जॉय चलने-फिरने में अक्षम हो गए थे। 1970 के दशक में जॉय कीबोर्ड जैसे उपकरणों के इस्तेमाल के लिए मलयालम फिल्म संगीत जगत में पहले 'तकनीकी संगीतकार' के रूप में जाने जाने जाते थे। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को चेन्नई में होगा।**

## कर्मचारी ने नौकरी से निकाले जाने का वीडियो किया वायरल

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** लोकप्रिय टीनएज चैट प्लेटफॉर्म डिस्कॉर्ड की एक कर्मचारी ने कंपनी द्वारा नौकरी से निकाले जाने का एक वीडियो साझा किया है। कंपनी में उत्पाद प्रमुख क्लो शिह ने उस क्षण को रिकॉर्ड किया जब उन्हें एहसास हुआ कि वह भी उन 17 प्रतिशत कार्यबल में शामिल थीं, जिन्हें कंपनी ने पिछले सप्ताह नौकरी से निकाले जाने की घोषणा की थी। उन्होंने क्लिप में यह भी बताया, मैंने अभी एक घर खरीदा है! वीडियो में, शिह ने नौकरी से निकाले जाने के बाद कंपनी से प्राप्त मेल साझा किया।



## रश्मिका ने कहा- स्ट्रेचिंग करना न भूलें

**मुंबई (आईएएनएस)। एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना ने सोमवार सुबह अपने वर्कआउट की एक तस्वीर साझा की और कहा कि किसी को स्ट्रेचिंग करना नहीं भूलना चाहिए। फोटो शेयरिंग एप्लिकेशन इंस्टाग्राम पर रश्मिका के 41.1 मिलियन फॉलोअर्स है। रश्मिका ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर जिम में वर्कआउट करते हुए अपनी एक तस्वीर साझा की। फोटो को कैप्शन दिया गयाः स्ट्रेच करना न भूलें!! यह आपके शरीर के लिए अच्छा है! गुड मॉर्निंग सभी को।**

## बीटीएस केआरएम, जिमिन, वी और जंग कुक ने सेना में सेवा शुरू की

**नयी दिल्ली (भाषा)।** दक्षिण कोरिया के प्रसिद्ध संगीत बैंड बीटीएस की प्रबंधन एजेंसी 'बिगहिट म्यूजिक' ने सोमवार को कहा कि बैंड के सदस्य आरएम, जिमिन, वी और जंग कुक सेना में अनिवार्य सेवा के लिए भर्ती हो गए हैं और वे जल्द ही प्रशिक्षण शिविर में अपने कर्तव्यों का पालन करेंगे।बीटीएस के सबसे पुराने सदस्य जिन को 2022 में सेना में सेवा के लिए सूचीबद्ध किया गया था। बाकी के चार सदस्यों - आरएम, जिमिन, वी और जंग कुक ने नवंबर 2023 में सूचीबद्ध होने की प्रक्रिया शुरू की थी। प्रशंसक समुदाय मंच 'वीवर्स' पर साझा एक बयान में बिगहिट म्यूजिक ने इतने वर्षों तक बीटीएस का समर्थन करने के लिए बैंड के प्रशंसक समूह 'आर्मी' का आभार जताया। बिगहिट म्यूजिक ने प्रशंसकों से सेना में सेवा दे रहे बैंड के सदस्यों को तोहफे न भेजने की भी अपील की क्योंकि इससे उन तोहफों को रखने और उनके गायब होने जैसी समस्याएं पैदा हो सकती है। साल 2013 में पदार्पण करने वाले बीटीएस ने जून 2022 में विराम लेने की घोषणा की थी। बैंड के सदस्यों को सेना में अपनी सेवा पूरी करने के बाद 2025 के आसपास फिर से एकजुट होने की उम्मीद है।







## भोजपुरी फिल्म अर्धनारी 2 का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई (वार्ता)।** रामा प्रसाद प्रोडक्शन एवं चन्द्रवर्षा इंटरटेनमेंट प्रा. लि. प्रस्तुत फिल्म अर्धनारी 2 का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म अर्धनारी 2 में यश कुमार और अवधेश मिश्रा मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म के निर्माता अपूर्व मेड़तिया, रामा प्रसाद, मोनिका सिंह और चंद्रेश मेहता हैं, जबकि निर्देशक राज किशोर प्रसाद (राजू) हैं।अर्धनारी 2 का ट्रेलर इंटर10 रंगीला पर रिलीज कर दिया गया है। इस फिल्म में यश कुमार का डबल रोल है जबकि अवधेश मिश्रा थर्ड जेंडर की भूमिका में है। अर्धनारी 2 की कहानी यश कुमार एवं एस. के. चौहान ने लिखी है। पटकथा एवं संवाद एस. के. चौहान का है।

## 'ओपेनहाइमर' ने जीते

- 8 क्रिटिक्स च्वाइस अवार्ड
- 'बार्बी' 6 पुरस्कारों के साथ दूसरे स्थान पर

**लॉस एंजेल्स (आईएएनएस)।** हाल ही में क्रिटिक्स च्वाइस अवार्ड्स का समापन हुआ और इस सेरेमनी में फिल्म 'ओपेनहाइमर' बड़ी विजेता बनकर उभरी। वेरायटी की रिपोर्ट के अनुसार, 'ओपेनहाइमर' ने बेस्ट फिल्म, डायरेक्टर (क्रिस्टोफर नोलन) और सपोर्टिंग एक्टर (रॉबर्ट डाउनी जूनियर) सहित आठ ट्राफियां अपने नाम कीं। 'बाबी' ने बेस्ट कॉमेडी और बेस्ट सॉन्ग समेत छह अवॉर्ड जीते। सेरेमनी में एम्मा स्टोन ('पुअर थिंग्स') को बेस्ट एक्ट्रेस और पॉल जियामाटी ('द होल्डओवर्स') को बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड दिया गया। वैरायटी के अनुसार, 'द बियर', 'सकसेशन' और 'बीफ' ने भी बड़ी जीत हासिल की। हर एक ने कई




एक्टिंग अवॉर्ड जीते और क्रमशः बेस्ट कॉमेडी सीरीज, ड्रामा सीरीज और लिमिटेड सीरीज जीती। 'द बियर' और 'बीफ़' प्रत्येक ने चार अवॉर्ड जीते, और 'सकसेशन' को तीन अवॉर्ड मिले। चेल्सी हैंडलर ने रविवार रात सेरेमनी को होस्ट किया। हैरिसन फोर्ड ने कैरियर अचीवमेंट अवॉर्ड स्वीकार किया, और अमेरिका फेरेरा को सीहर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

**यहां पेश है विजेताओं की लिस्ट-**

**बेस्ट एक्टर:** 'द होल्डओवर्स' के लिए पॉल जियामाटी
**बेस्ट एक्ट्रेस:** 'पुअर थिंग्स' के लिए एम्मा स्टोन
**बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर:** 'ओपेनहाइमर' के लिए रॉबर्ट डाउनी जूनियर
**बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस:** 'द होल्डओवर्स' के लिए डेविन जॉय रैंडोल्फ
**बेस्ट यंग एक्टर/एक्ट्रेस:** 'द होल्डओवर्स' के लिए डोमिनिक सेसा
**बेस्ट एक्टिंग इसेंबल:** 'ओपेनहाइमर'
**बेस्ट डायरेक्टर:** 'ओपेनहाइमर' के लिए क्रिस्टोफर नोलन
**बेस्ट ओरिजनल स्क्रीनप्ले:** 'बार्बी'
**बेस्ट एडेप्टेड स्क्रीनप्ले:** 'अमेरिकन फिक्शन'
**बेस्ट सिनेमाटोग्राफी:** 'ओपेनहाइमर' के लिए होयटे वान होयटेमा
**बेस्ट प्रोडक्शन डिजाइन:** 'बाबी' के लिए सारा ग्रीनवुड और केटी स्पेंसर
**बेस्ट एडिटिंग:** 'ओपेनहाइमर' के लिए जेनिफर लेम
**बेस्ट कॉस्टयूम डिजाइन:** 'बाबी' के लिए जैकलीन दुर्रान
**बेस्ट हेयर एंड मेकअप:** 'बाबी'
**बेस्ट विजुअल इफेक्ट्स:** 'ओपेनहाइमर'




## शुगर फ्री चाकलेट के रूप में ली जा सकेगी इंसुलिन

**सिडनी (360 इंफो)।** नैनोटेक्नोलॉजी में प्रगति के कारण मधुमेह से पीड़ित लोग इंजेक्शन के बजाय इंसुलिन को शर्करा रहित चॉकलेट जैसी स्वादिष्ट दवाइयों के जरिए मौखिक रूप से भी ले सकेंगे। दुनियाभर में 15 से 20 करोड़ लोगों को रोजाना इंसुलिन के इंजेक्शन लेने पड़ते हैं। 'टाइप-1' मधुमेह से पीड़ित हर व्यक्ति को इंसुलिन की आवश्यकता पड़ती है और 'टाइप-2' मधुमेह से पीड़ित 20 से 30 प्रतिशत मरीजों को इंसुलिन का इंजेक्शन लेना पड़ता है। ये इंजेक्शन यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक हैं कि मधुमेह से पीड़ित लोगों के शरीर में पर्याप्त इंसुलिन हो ताकि उनके रक्त में शर्करा के स्तर में वृद्धि न हो। लेकिन उन्हें कई चुनौतियों का सामना भी करना पड़ता है।

इंसुलिन इंजेक्शन लेने वाले लोगों को निम्न रक्त शर्करा या 'हाइपोग्लाइसीमिया' की समस्या हो सकती है क्योंकि अपने शरीर की आवश्यकता से अधिक इंसुलिन लेने का खतरा बना रहता है या ऐसा भी हो सकता है कि उन्होंने सही समय पर इंजेक्शन नहीं लगाया हो। इसके कारण वजन भी बढ़ सकता है। कुछ लोगों को सुई से डर भी लगता है। इससे पहले, इंजेक्शन के बजाय मौखिक रूप से इंसुलिन लेना निष्प्रभावी साबित हुआ है लेकिन नैनोटेक्नोलॉजी की मदद से मुंह से ली जाने वाली इंसुलिन भी प्रभावी साबित हो सकती है।

'क्वांटम डॉट्स' के नाम से जाने जाने वाले नैनो-आकार के वाहकों में इंसुलिन को डाला जाता है, जो मानव बाल की चौड़ाई का लगभग 1/10,000वां हिस्सा या आपकी उंगली के आकार का दस लाखवां हिस्सा होता है। ये नैनो-वाहक इंसुलिन को नष्ट होने से बचाते हैं। जब यह दवा पेट से होकर गुजरती है और छोटी आंत में अधिक आसानी से अवशोषित हो जाती है। यह मधुमेह के प्रबंधन का एक अधिक व्यावहारिक और रोगी के अनुकूल तरीका है, क्योंकि यह रक्त शर्करा अत्यधिक कम होने के जोखिम को बहुत कम कर देता है। इसके अलावा, इस मौखिक दवा के जरिए इंसुलिन नियंत्रित तरीके से शरीर में पहुंचता है जबकि इंजेक्शन के जरिए यह एक साथ पहुंचता है।

क्लीनिकल इस्तेमाल से पहले के अध्ययन पूरा होने के बाद इस तकनीक को मरीजों तक पहुंचाने की दिशा में अगला कदम मानव परीक्षणों के माध्यम से इसकी प्रभावशीलता सुनिश्चित करना है और यह पता करना है कि यह कितना सुरक्षित है। इस अध्ययन संबंधी मानवीय परीक्षण 2025 में आरंभ होंगे। मधुमेह से प्रभावित लोगों की बढ़ती संख्या के मद्देनजर इसके प्रबंधन की नई रणनीतियों को विकसित करना महत्वपूर्ण है। यदि इस दिशा में नैनोटेक्नोलॉजी का इस्तेमाल सफल साबित होता है तो इससे मधुमेह का उपचार एवं प्रबंधन लाखों लोगों के लिए आसान हो जाएगा।

- नैनोटेक्नोलॉजी से होगा संभव दुनिया में 15 से 20 करोड़ लोगों को रोज इंसुलिन के इंजेक्शन लेने पड़ते हैं।
- इंसुलिन इंजेक्शन लेने वाले लोगों को निम्न रक्त शर्करा या 'हाइपोग्लाइसीमिया' की समस्या हो सकती है
- क्योंकि आवश्यकता से अधिक इंसुलिन लेने का खतरा बना रहता है
- ऐसा भी हो सकता है कि उन्होंने सही समय पर इंजेक्शन नहीं लगाया हो। इसके कारण वजन भी बढ़ सकता है।
- पहले, इंजेक्शन के बजाय मौखिक रूप से इंसुलिन लेना निष्प्रभावी साबित हुआ है
- इस मौखिक दवा के जरिए इंसुलिन नियंत्रित तरीके से शरीर में पहुंचता है जबकि इंजेक्शन के जरिए यह एक साथ पहुंचता है। इस तकनीक के परीक्षण 2025 में शुरू होंगे यदि नैनोटेक्नोलॉजी का इस्तेमाल सफल होता है तो` मधुमेह का उपचार आसान हो जाएगा।

# सदर तहसील के मंझरिया में बने खनन परमिशन के आड़ में सहजनवां तहसील के बरवार में हो रहे अवैध खनन का हुआ पैमाइस

**खनन विभाग व तहसील के जिमेदारो के मिलीभगत से खेला जा रहा था अबैध खनन का खेल, मंझरिया के कास्तकारों ने किया था उच्च अधिकारियों को शिकायत**



प्रखर सहजनवां, गोरखपुर। सदर तहसील के ग्राम सभा मंझरिया, तप्पा-गौरा, अलॉव में मिट्टी खनन राप्ती नदी उस पार बरवार के उत्तरी छोर में अवैध रूप से खनन किए जाने के सम्बन्ध मे कास्तकारों ने शिकायत कर उच्च अधिकारियों से अबैध खनन करने वालो पर कार्यवाही करने की मांग किया था काश्तकारों का कहना है कि मेरा ग्रामसभा परगना हवेली तहसील सदर, जिला गोरखपुर में स्थित है। ग्रामसभा के सिवान को फाड़ते हुए राप्ती नदी निकली हुई है। हमारे ग्रामवासियों का रकबा नदी के उत्तरी एवं दक्षिणी पार भी स्थित है। दक्षिणी छोर नदी उस पार होने के कारण हम ग्रामवासियों को 10 कि.मी. की दूरी तय करनी पड़ती है। इसी का लाभ उठाते हुए फर्जी तरीके से कूटरचित दस्तावेज तैयार कर सम्बंधित अधिकारियों से सांठ-गांठ कर ग्राम सभा की आ०सं०-920, 957, 891, में मिट्टी का खनन अनुज्ञा-पत्र चन्दन पाठक नामक व्यक्ति द्वारा निर्गत करा लिया गया, जिसके आड़ में इस व्यक्ति के द्वारा बरवार का मनबढ़ खनन माफिया जो कि वहाँ का एक बाहुबली और मनबढ़ टाइप का व्यक्ति है, मेरे ग्रामसभा के साथ-साथ दूसरे ग्रामसमा की जमीन एवं उतरासोत व बरवार में खनन कर रहे हैं।जब हम प्रार्थी गण को जानकारी हुई तो हम 4-5 की संख्या में अपने ग्रामसभा की जमीन पर गये और खनन रोकने का प्रयास किया तो गली-गलौज का इस्तेमाल करते हुए लाठी-डंडा, लेकर दौड़ा लिया, था हम सभी काश्तकार नदी पार कर वहाँ गये थे। इस कारण चुपचाप अपने घर चले आये। चन्दन पाठक का खनन व तहसील विभाग में उच्च अधिकारियों से गहरा सम्वन्ध है. जिस कारण मनमानी तरीके से अबैध खनन करता है, कूटरचित दस्तावेज तैयार कर रायल्टी बनवा लेते हैं। वही कास्तकारों का कहना था कि बिना हम कास्तकारों के सहमति के बिना कैसे रॉयल्टी बन गई, इसी लिए हम सभी कास्तकार चाहते हैं कि रॉयल्टी की जांच किया जाये वही के किसानों की सहमति एवं लेखपाल द्वार लिए गये काश्तकार के बयान की जांच कर मनगढ़ंत रिपोर्ट की जांच करते हुए अनुज्ञा-निरस्त करते हुए विधिक कार्यवाही करने को लेकर कार्यवाही की मांग किया था। काश्तकारों मे अमरनाथ यादव, रामनगीना, महेन्द यादव, लालमोहन यादव, शंकर, दसरथ, बिनय, धुपचन्द, हरेन्द्र, झब्बर ,रामललित, इंद्रभूषण पाठक समेत सभी कास्तकार मौके पर मौजूद रहे।वही जब मामला गरमाता नजर आया तो सदर तहसील व सहजनवां तहसील के जिम्मेदारो ने खनन विभाग को मौके पर बुलाकर संयुक्त रूप से सीमा की पैमाइस कर हो रहे अबैध खनन की जानकारी लिया और किये गए अबैध खनन पर कार्यवाही करने के लिए कहा। वही नायब तहसीलदार सहजनवां दुर्गेश चौरसिया ने बताया कि मौके की पैमाइस सदर तहसील की टीम व सहजनवां की राजस्व टीम द्वारा कराया गया है जल्द किलियर कर रिपोर्ट तैयार कराकर कार्यवाही किया जायेगा।

## रोटरी क्लब वाराणसी गंगा द्वारा शीतलहरी में 1000 कंबल बांटने का लक्ष्य : रो. अशोक अरोड़ा

प्रखर पूर्वाचल वाराणसी। रोटरी क्लब वाराणसी गंगा द्वारा बनारस में चल रहे भीषण शीतलहरी को देखते हुए 7 जनवरी से लगातार कंबल का वितरण शहर के विभिन्न स्थानों पर किया जा रहा है उसी कड़ी में 16 जनवरी मंगलवार को श्री अग्रसेन कन्या पीजी कॉलेज के कर्मचारियों को कंबल का वितरण (बुलानाला एवं परमानंद परिसर) को रोटेरियन अरुण अग्रवाल, अध्यक्ष श्री अग्रसेन कन्या पीजी कॉलेज के मुख्य आतिथ्य में किया गया` समारोह के मुख्य अतिथि ने संबोधित करते हुए कहा कि रोटरी क्लब का उद्देश्य समाज सेवा करना है विश्व में 12 लाख से ज्यादा रोटरी सदस्य अनवरत सेवा कार्य कर रहे हैं रोटरी क्लब वाराणसी गंगा जिसके द्वारा असीमित सेवा कार्य किए जाते हैं आज पुनः इस क्लब में आकर मुझे बहुत प्रसन्नता हो रही है कि उन्होंने आज सभी कर्मचारियों को कंबल का वितरण



परिसर में आकर किया है` मैं क्लब के समस्त सदस्यों को बहुत-बहुत बधाई एवं धन्यवाद देता हूं, इस ठंड की घड़ी में यह बहुत बड़ा सेवा कार्य है इसकी जितनी सराहना की जाए कम है। सम्मानित अतिथि डॉक्टर मधु अग्रवाल प्रबंधक ने कहा कि रोटरी क्लब गंगा ने कॉलेज में विभिन्न समय पर आकर अनेकों सेवा कार्य संपन्न किए हैं भीषण शीतलहरी में क्लब द्वारा जो कार्य किया जा रहा है उसके लिये कॉलेज उनका धन्यवाद ज्ञापित करती है इस ठंड की घड़ी में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लिए यह बहुत बड़ी सुविधा है। प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत रो. अशोक अरोड़ा अध्यक्ष द्वारा किया गया` समारोह का संचालन करते हुए दीपक अग्रवाल, चार्टर अध्यक्ष ने कहा की वाराणसी में भीषण शीतलहरी को देखते हुए आगामी 15 दिनों तक कंबल का वितरण किया जाएगा, 1000 कंबल क्लब द्वारा बांटने का लक्ष्य रखा गया है जो शहरी क्षेत्र में ग्रामीण क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर वितरित किए जाएंगे।

## भीषण शीतलहरी की वजह से आंगनबाड़ी केंद्रों के स्कूल 17 जनवरी तक हुए बंद

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जनपद में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के द्वारा चलने वाले आंगनवाड़ी केंद्रों में प्री प्राइमरी स्कूल 3 साल से 6 साल के बच्चों के लिए चलाया जाता है। मौजूदा समय में भीषण शीत लहरी को देखते हुए जिलाधिकारी के आदेश पर 17 जनवरी तक अवकाश घोषित किया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी दिलीप कुमार पांडे ने बताया कि जनपद के अधिकतर आंगनबाड़ी केंद्र प्राथमिक एवं जूनियर हाई स्कूल के विद्यालयों में चलते हैं। जिसे पूर्व में जिलाधिकारी के आदेश पर 14 जनवरी तक अवकाश घोषित किया गया था। लेकिन अब एक बार फिर से भीषण शीतलहरी को देखते हुए इस अवकाश को 17 जनवरी तक बढ़ा दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस अवकाश के दिनों मे सभी



आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका अपने निर्धारित समय से केंद्र पर उपस्थित रहकर शीतकालीन अवधि में विभागीय कार्यों का संपादन करेंगी। जैसे टेक होम, राशन का वितरण, समुदायिक गतिविधियां, विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम, ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस तथा पोषण ट्रेकर से संबंधित समस्त कार्यों व अन्य शासकीय कार्यों का निर्वहन पूर्व की भाती करती रहेंगे। यदि इसमें किसी के द्वारा कोई लापरवाही की जाती है तो वह क्षम्य में नहीं होगा।

## प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री योजना का शत-प्रतिशत लाभ जनता तक पहुंच रहा है : बजरंग बहादुर सिंह

प्रखर पूर्वांचल महराजगंज ब्यूरो। जनपद महराजगंज स्थित नगर पंचायत बृजमनगंज के रामलीला पार्क में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें केंद्र व प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के विषय में चर्चा करते हुए पूर्व भाजपा विधायक बजरंग बहादुर सिंह एवं नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश जायसवाल ने सरकार की उपलब्धि को गिनाया ।इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टालों का अवलोकन भी किया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश/प्रदेश के नागरिकों के जीवन स्तर में उत्थान एवं विकास हेतु भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी को साझा किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य हैं कि मोदी एवं योगी सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ जन जन तक पहुंचे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्र के पूर्व विधायक भाजपा नेता बजरंग बहादुर सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात स्कूल की बालिकाओं द्वारा सरस्वती बंदना प्रस्तुत की गई। भारत संकल्प यात्रा के दौरान अन्न प्रासन, गोदभराई कार्यक्रम किया गया। पीएम किसान सम्मान निधि, उज्जवला गैस योजना, प्रधानमंत्री आवास, लघु उद्योग ऋण जैसी मोदी सरकार की अनेकों जन-कल्याणकारी योजनाओं के स्टाल लगाया गया था। टीवी प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाया गया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी योजनाएं घर-घर पहुंच रही है मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजना के तहत हर साल हजारों गरीब बेटियों की शादी कराया जा रहा हैं।तथा 35 हजार रुपये का चेक देने का कार्य कर रही हैं हमारी सरकार। पैसे के अभाव में कोई इलाज से वंचित न रहे इसके लिए सभी गरीब लोगों को आयुष्मान कार्ड से जोड़ा गया है इसका लाभ सरकारी एवं अनेक प्राइवेट अस्पतालों में इलाज कर रहे लोगों को मिल रहा है 5 वर्षों तक प्रत्येक परिवार के प्रत्येक सदस्य को 5 किलो राशन मुफ्त देने की घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी कर चुके है हमारा गांव अब गांव नहीं रह गया है हर गांव की मूलभूत सुविधाएं अच्छे स्कूल का निर्माण पक्की सड़क,पात्रों को आवस, शुलभ शौचालय, बारात घर, हर घर नल कनेक्शन योजना का गांव के हर किसान से हर जाति वर्ग के लोगों को मिल रहा है लाभ। भाजपा सरकार पूर्वांचल में एम्स की सुविधा खाद कारखाने को चालू करने का



कार्य किया हमारी सरकार। इस दौरान ईओ सुरभि मिश्रा, ब्लाक प्रमुख उदयराज यादव, भाजपा नेता योगेंद्र यादव मंडल अध्यक्ष चंदू सिंह,पूर्व ब्लाक प्रमुख हरिश्चंद्रसोनकर,नोडल अधिकारी अंकित कुमार, सीडीपीओ किरन जायसवाल, बीसीपीएम विनोद कुमार, ग्राम प्रधान बीरज यादव, प्रधान संघ अध्यक्ष राजू सिंह, तहसीलदार आलोक कुमार,विवेक चौहान,जितेंद्र शर्मा ,सभासद जेपी गौड़, मनोज जायसवाल, काजू कन्नौजिया, जितेंद्र भारती रवि यादव, अनूप चौरसिया, झीनक चौधरी, सुरेंद्र जायसवाल, धर्मेंद्र चौरसिया, शिव प्रसाद चौरसिया, प्रदुम्न सिंह, चंद्र शैषर,सनी देवोल, स्वास्थ्य विभाग की टीम आंगनबाड़ी टीम सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## धूमधाम से खेतासराय में निकाली गई शोभायात्रा

**कड़ी सुरक्षा के बीच डीजे के साथ निकला विशाल जुलूस**

प्रखर खेतासराय (जौनपुर)। अयोध्या धाम में भव्य राममन्दिर में प्रभु श्रीराम चन्द्र जी की प्राण-प्रतिष्ठा के अब चंद दिन बचे है जिसको लेकर जगह-जगह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में नगर में सोमवार को भव्य शोभायात्रा निकाला गया जिसमें डी.जे. रथ व भारी संख्या में बाइक शामिल रही। इस दौरान समूचा नगर जय श्रीराम ने नारों से गुज उठा। दोपहर भाजपा नेता कृष्ण कुमार बरनवाल व शिवम जायसवाल के नेतृत्व में गोलाबाजार स्थित रामलीला मैदान में लोग एकत्र हो गए। जहां से डी.जे. रथ व बाइक के साथ भव्य जुलूस निकाला गया। जुलूस उक्त स्थान से प्रारम्भ होकर गोरारी पहुँचा जहाँ से वापस होकर मुख्य चौराहा होते हुए स्टेशन पहुँचा वहाँ से पुनः वापस होकर ओरियंटल बैंक पहुँचा यहां से खुटहन मार्ग होते हुए सोंधी स्थित दशमी मैदान पहुँचा। पुनः पुरानी बाजार रोड होते हुए प्रारम्भ स्थान पर देर शाम आकर समाप्त हो गयी। इस दौरान डी.जे. के धुन लोग थिरकते रहे। जुलूस में भारी



संख्या में ध्वजा पताखा लिए जय श्री राम के नारे लगा रहे थे जिससे समूचा नगर जय श्री राम के नारों से गूंज रहा था। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस बल चक्रमण करती रही। इस अवसर पर मुख्य रूप से संजय विश्वकर्मा, ईशान जायसवाल (राम), राविन्स गुप्ता विक्की, राजेश श्रीवास्तव, धर्मरक्षक मनीष गुप्ता, अमलेंद्र गुप्ता, अजय साहू, शुभम जायसवाल, गौरव पाण्डेय, श्रेयांश पाठक, सचिन सेठ, आकाश सेठ, दुर्गेश बरनवाल, सोनू बिंद, ड़ा. प्रमोद राजभर, कपूरचन्द्र जायसवाल, अनूप गुप्ता, जगदीश यादव, अरुण राजभर, आदि लोग मौजूद रहे।

## 10 आधार कार्ड, 1 लाख 82 हजार नकदी संग जालसाज गिरोह के 4 सदस्य गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी भुडकुडा के निकट पर्यवेक्षण में सोमवार को थाना स्थानीय पर पंजीकृत धारा 420 भा0द0वि0के वादी मुकदमा शिवराज यादव पुत्र स्व0 अभयनाथ सिंह यादव निवासी ग्राम कुवरपुर थाना नन्दगंज जनपद गाजीपुर शादियाबाद मोड़ पर आकर अवगत कराये कि दिनांक 12 अक्टूबर 2023 को मेरे साथ जालसाजी करके मेरा 12 लाख रुपए एक महीने मे दोगुना कर देने के नाम पर ठगी करने वाले अभियुक्त गण पुनः किसी नये घटना को अंजाम देने के लिए रामपुर बन्तरा ओवरब्रिज के नीचे इकट्ठा हुए है तथा मुझे भी मेरा रुपया देने के लिए बुला रहे हैं । वादी मुकदमा के इस सूचना पर बन्तरा ओवरब्रिज के नीचे से समय करीब 18.20 बजे 04 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया । मौके से अँधेरे का फायदा उठाकर 01 व्यक्ति फरार हो गया। पकड़े गये व्यक्तियों के कब्जे से ठगी द्वारा प्राप्त 01 लाख 82 हजार रुपये व ठगी में इस्तेमाल करने वाले फर्जी 10



आधार कार्ड बरामद किया गया । गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्तगण द्वारा पूछताछ में बताया गया कि उनका एक संगठित गिरोह है, जो जनपद गाजीपुर, वाराणसी , चंदौली, आजमगढ़ व जौनपुर में फैला हुआ है, जिसके लोगों द्वारा किसी व्यक्ति को पहले पैसा दुगुना करने के नाम पर ले जाते हैं और हमी लोगों में से कोई व्यक्ति कपड़े का व्यवसायी, कोई मैनेजर, कोई ज्योतिषी बन जाता है और उस व्यक्ति को पहले कुछ रुपये जिताये जाते हैं फिर एक मोटी रकम साजिश के तहत हरा दिया जाता है और हम लोग उसका सारा पैसा जीत लेते हैं। हम लोग अपने असली नाम का प्रयोग कहीं नहीं करते। सबका नाम, पता व आधार कार्ड फर्जी होता है, जिससे दुबारा हम लोग उस व्यक्ति की पकड़ में नहीं आते । गिरोह के सभी सदस्यों द्वारा पैसों को आपस में बाँट लिया जाता है । गिरफ्तार जलसाजो का विवरण रविन्द्र राम उर्फ बबलू पुत्र राजपति राम निवासी ग्राम सरुपहा थाना-देवगांव जनपद आजमगढ़ उम्र करीब 42 वर्ष , राणा प्रताप सिंह पुत्र स्व0 अभिमन्यु सिंह नि0 ग्राम बैसर थाना निजामाबाद जनपद आजमगढ़ उम्र करीब 37 वर्ष, सत्य नारायण श्रीवास्तव पुत्र स्व0 राम औतार श्रीवास्तव नि0 ग्राम रामपुर बढवाना थाना मेहनगर उम्र करीब 65 वर्ष, अजय राम पुत्र दिनेश राम निवासी ग्राम रामपुर पोस्ट लहरतारा जनपद वाराणसी उम्र करीब- 38 वर्ष अन्य सहयोगी अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रमोद कुमार सिंह थानाध्यक्ष थाना नंदगंज मय टीम जनपद गाजीपुर रामाश्रय राय प्रभारी स्वाट मय टीम जनपद गाजीपुर शामिल रहे।

## एक्सपर्ट कर सर्विस सेंटर का हुआ भव्य शुभारंभ

प्रखर संतकबीरनगर। जिले के खलीला बाद शहर स्थित बाईपास चौराहे के पास छोटी सरौली पंचमुखी हनुमान मंदिर के सामने एक्सपर्ट कार सर्विस सेंटर का फीता काट कर हुआ भव्य शुभारंभ। एक्सपर्ट कार सर्विस सेंटर के मालिक दुष्यंत अग्रहरी ने बताया की संतकबीरनगर जिले के लोगो को अपनी फोर व्हीलर कार के सर्विसिंग के लिए बड़े शहरों में जाना पड़ता था। जिससे यहां के कार मालिको को काफी असुविधा होती थी। जिसके चलते फोर व्हीलर कार के सर्विसिंग के लिए समय के साथ कार मालिकों के जेब पर भी इसका सीधा असर पड़ता था। जिले की सम्मानित नागरिकों के इस समस्या को देखते मेरे मन में ये सर्विस सेंटर खोलने का मन बनाया और आप सभी लोगो के लिए आज यह सर्विस स्टेशन पर का भाव उद्घाटन तथा शुभारंभ हो रहा हैं। एक्सपोर्ट कर सर्विसिंग सेंटर के खुल जाने से यहां के कर मालिकों के लिए बहुत ही सुविधा हो जाएगी क्योंकि इस सर्विस सेंटर के अंदर एक ही छत के नीचे फोर व्हीलर कार से जुड़ी किसी भी समस्या का समाधान होगा चाहे कार के इंजन से संबंधित हो या कार के बाडी का डेटिंग पेंटिंग ही सभी सुविधाएं यह पर एक ही छत के नीचे मजूद मिलेंगी। अपनी कर को ले कर उपभोगताओ को भगा दौड़ी नही




करना पड़ेगा। उद्घाटन समारोह में सर्विस सेंटर के मालिक दुष्यंत अग्रहरि उनकी पत्नी सुनीता अग्रहरि खलीलाबाद व्यापार मंडल के अध्यक्ष बनर्जी लाल अग्रहरि और शहर के जाने-माने लोग कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### पूर्व विधायक दिनेश चौधरी नें किया तीर्थ स्थल की साफ-सफाई



प्रखर जौनपुर। जौनपुर के जमैथा गांव में केराकत विधानसभा के पूर्व विधायक दिनेश चौधरी नें देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वाहन पर मंदिर परिसर में किया साफ-सफाई,झाड़ू लगाकर के पानी से फर्श कों धुला,बतादें कि प्रधानमंत्री मोदी नें 14 जनवरी से 22 जनवरी तक अयोध्या में राममंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर एक अभियान के तहत लोगो से आह्वाहन किया है। पूर्व विधायक नें अपने कारसेवा के दिनों कों याद करते हुए कहा कि हम परम सौभाग्यशाली है जों भव्य मंदिर में प्रभु श्री रामलला का प्राण प्रतिष्ठा होते देख पा रहे है।

### नाजायज पिस्टल व कारतूस संग हत्या के प्रयास का वांछित चढ़ा नंदगंज पुलिस के रडार पर

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी भुड़कुड़ा के निकट पर्यवेक्षण में मंगलवार को उप निरीक्षक अनिल कुमार मिश्रा मय अपनी टीम के साथ क्षेत्र में मामूर थे कि खास मुखविर के सूचना पर मजरूब गंगा किन्नर पुत्र गणेश उपाध्याय निवासी ग्राम बरहपुर थाना नन्दगंज जनपद गाजीपुर को पुरानी रंजीश को लेकर मारपीट कर जान से मारने की नीयत से फायरिंग करने वाला अभियुक्त सत्यम कुमार पुत्र मुन्ना राम निवासी ग्राम सिहोरी थाना नन्दगंज जनपद गाजीपुर को 01 अदद देशी पिस्टल .32 बोर मय 01 अदद जिन्दा कारतूस .32 बोर के साथ बलवन्त गेस्ट हाउस के पास से गिरफ्तार कर लिया गया है। जिसके विरूद्ध थाना स्थानीय पर धारा 307 भा0द0वि0 में अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तारी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 अदद नाजायज पिस्टल .32 बोर मय 01 अदद जिन्दा कारतूस .32 बोर बरामद हुआ है। सम्बन्धित थाने द्वारा अभियुक्त के विरूद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक अनिल कुमार मिश्रा थाना नंन्दगंज, उप निरीक्षक जयप्रकाश सिंह थाना नंन्दगंज, आरक्षी चन्द्रजीत यादव थाना नंन्दगंज जनपद गाजीपुर शामिल रहे।

### अपर पुलिस अधीक्षक के द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में साप्ताहिक मंगलवार परेड का किया गया निरीक्षण, दिये गए आवश्यक दिशा निर्देश



प्रखर संतकबीरनगर। अपर पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर शशि शेखर सिंह द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड मे साप्ताहिक मंगलवार परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया। परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों के टर्नआउट को चेक करते हुए सभी अधिकारी व कर्मचारीगणों को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने व जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने के लिए निर्देशित किया गया। निरीक्षण के पश्चात कर्मियों को शारीरिक रुप से फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गई व परेड के दौरान अनुशासन व एकरुपता के लिए टोलीवार ड्रिल कराई गई। निरीक्षण के दौरान 26 जनवरी व गणतंत्र दिवस की परेड की तैयारियों की समीक्षा कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया साथ ही विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण कर आदेश कक्ष किया गया।

### कुंवर वीरेंद्र सिंह व प्रियंका सिंह ने अज्ञात किशोरी की मदद कर भिजवाया अनाथालय

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। एक अज्ञात लड़की घर से भागकर देर रात्रि फुल्लनपुर, काली नगर कॉलोनी निवासी प्रियंका सिंह पत्नी हैप्पी सिंह के घर के पास आ गई। देर रात्रि होने के कारण और कोई अनहोनी के डर से प्रियंका सिंह ने उस अज्ञात लड़की को अपने घर ले जाकर खाना-पीना खिलाकर परिजनों के बारे में पूछी। लड़की कुछ भी स्पष्ट बताने में असमर्थ रही। देर रात्रि होने के कारण प्रियंका सिंह उस अज्ञात लड़की को अपने घर पर रखी और सुबह अज्ञात लडकी को नाश्ता-पानी कराकर अज्ञात लड़की के परिजनों के बारे में पता लगाने के लिए लड़की को अपने साथ लेकर विभागों के चक्कर लगाती रही। लेकिन इनको कोई मदद नही मिली। तब प्रियंका सिंह अपने पति हैप्पी सिंह के कहने पर मानवता की मिशाल तथा अनाथो के नाथ कुंवर वीरेंद्र सिंह से सम्पर्क किया फिर सब लोगों ने उस अज्ञात लड़की को साथ लेकर वन स्टॉप सेन्टर में कार्यरत प्रियंका प्रजापति के यहाँ पहुँचे। प्रियंका प्रजापति के सहयोग से बाल सुधार गृह के सी.डब्लू.सी ऑफिस में जय प्रकाश भारती एवं नीलेश सिंह के यहाँ पहुँचे। सबकी मदद से अज्ञात लड़की को लिखा-पढ़ी कराकर अनाथालय भेजवा दिया गया है।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं